Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

# संक्रमण तत्व (Transition Elements)
# (d-Block Elements)

**परिचय** :तत्वों की चार श्रेणी 3d, 4d, 5d तथा 6d कोशों में इलेक्ट्रॉन के भरने से बनती है। ये सभी मिलकार d- ब्लॉक तत्व कहलाते है। इन्है। संक्रमण तत्व भी कहते है। क्योंकि आवर्त सारणी में इनकी स्थिति s-ब्लॉक व p-ब्लॉक तत्वों के मध्य होती है। इनके गुण अत्यधिक सक्रिय धात्विक तत्व s-ब्लॉक (जो आयनिक यौगिक बनाते है।) तथा p-ब्लॉक के तत्वों (जो अधिकतर सहसंयोजी है) के बीच के होते है। संक्रमण तत्वों में अघूर्ण भरा d-विन्यास होता है। एक संक्रमण तत्व को निम्न प्रकार परिभाषित करते है। वह तत्व जिसका परमाणु आद्य अवस्था में हो या आयन एक साधारण ऑक्सीकरण अवस्था में हो तथा आंशिक रूप से ाीरे हुए d-उपकोश रखता हो, संक्रमण तत्व कहलाता है। उदाहरणार्थ, इलेक्ट्रॉन d-उपकोश में 1 से 9 तक भरे हों।

d-तत्व को साधारण इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $(n-1)d^{1-10}\ ns^{0-2}$ होता है।, यहाँ n बाहयतम कोश की संख्या है।

- प्रथम संक्रमण श्रेझाी का 3d श्रेणी 3d उपस्तर के भरने से संबंधित है जिसमें 4th आवर्त के निम्न 10 तत्व आते है। $_{21}$Sc, Ti, V, Cr, Mn, Fe, Co, Ni, Cu तथा $_{30}$Zn.
- द्विितय संक्रमण श्रेणी 4d श्रेणी 4d उपस्तर के भरने से संबंधित है जिसमें 5th आवर्त के निम्न 10 तत्व आते है।
- $_{39}$Y, Zr, Nb, Mo, Tc, Ru, Rh, Pd, Ag तथा $_{48}$Cd.
- तृतीय संक्रमण श्रेणी या 5d श्रेणी, 5d उपस्तर के भरने से संबंधित है जिसमें 6th आवर्त के निम्न 10 तत्व आते है। $_{57}$La, $_{72}$HF, Ta, W, Re, Os, Ir, Pt, Au तथा $_{80}$Hg.
- चतुर्थ संक्रमण रेणी या 6d रेणी 6d उपस्तर के भरने से संबंधित है। जो $_{89}$Ac से प्राम्भर होती है तथा जिसमें परमाणु क्रमांक 104 से आगे तक के तत्व आते है।

संक्रमण तत्व वह तत्व है जिसके परमाणु अपनी मूल अवस्था या आयन, (सबसे साधारण ऑक्सीकरण अवस्था) में d-उपकोश आंशिक भरा होता है, अर्थात् d-कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या 1 से 9 के मध्य होती है।

संक्रमण तत्वों के गुणों में क्षैतिज दिशा में समानताए बढ़ती है। और इसी तरह कुछ वर्गो में भी ऐसा होता है।

## संक्रमण धातुओं के सामान्य गुण :

### धात्विक लक्षण :

लगभग सभी संक्रमण तत्व अभिधात्विक गुण जैसे, उच्च तनन समर्थ्य (tensiles strength ) तन्यता (ductility), वर्धनीयता (malleabilit), उच्च तापी तथा विद्यु चालकता एवं धात्विक चमक दर्शते है। Zn, Cd, Hg तथा Mn, जैसे अपवादों को छोड़कर सामान्य ताप पर इनकी एक या अधिक प्रारूपिक धात्विक संरचनाएं होती है।

**संक्रमण धातुओं की जालक संरचनाएं**

| Sc | Ti | V | Cr | Mn | Fe | Co | Ni | Cu | Zn |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| Hcp | hcp | bc | bcc | X | bcc | ccp | ccp | ccp | X |
| (bcc) | (bcc) | | (bcc, ccp) | (hcp) | (hcp) | | | | (hcp) |
| **Y** | **Ti** | **Nb** | **Mo** | **Tc** | **Ru** | **Rh** | **pd** | **Ag** | **Cd** |
| Hcp | hcp | bc | bcc | hcp | hcp | ccp | ccp | ccp | X |
| (bcc) | (bcc) | | | | | | | | (hcP) |
| **La** | **Hf** | **Ta** | **W** | **Re** | **Os** | **Ir** | **Pt** | **Au** | **Hg** |
| Hcp | hcp | bcc | bcc | hcp | hcp | ccp | ccp | ccp | X |
| (ccp, bc) | (bcc) | | | | | | | | |

**bcc =** काय केन्द्रीय घनीय **; hcp =** षटकोणीय निविडतम संकुलन
**ccp =** घनीय निविड संकुलन **; X =** एक विशेष धात्विक संरचना

संक्रमण धातुए (Zn, Cd तथा Hg) अतिकठोर तथा अल्क वाष्पशील होती है। इनके गलनांक व क्वथनांक उच्च होते है। प्रत्येक श्रेणी के लगभग मध्य में उच्चतम मान इस तथ्य को दर्शाता है कि प्रबल अंतरापरमाण्विक अन्योन्यक्रिया के लिए प्रति d कक्षक एक अयुगलिक इलैक्ट्रॉन का होना विशेष रूप से अनुकूल है। सामान्यतः संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की संख्या जितनी अधिक होगी, उतना ही प्रबल परिमाणी आबंधन होगा। चूंकि धातुओं के मानक इलेक्ट्रोड विभव के निर्धारण की संख्या जितनी अधिक होगी, उतना ही प्रबल परिमाणी आबंधन होगा। चूंकि धातुओं के मानक इलेक्ट्रोड विभव के निर्धारण में कणन एन्थैल्पी (अर्थात बहुत उच्च क्वथनांक) वाली धातुओं की प्रवृति अभिक्रियाओं में उत्कृष्ट रहने की होती है। (इलेक्ट्रोड विभव के लिए बाद में देखें।)

चित्र के आधार पर एक अन्य सामान्य नियम निकाला जा सकता है कि प्रथम संक्रमण श्रेणी के संगत तत्वों की तुलना में द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के तत्वों की कणन एन्थैल्पी के मान अधिक होते है, यह भारी संक्रमण धातुओं के यौगिकों में धातु–धातु आबंधों के बहुधा बनने में एक महत्वपूर्ण कारक है।




संक्रमण धातुओं के परमाणवीयकरण की एन्थेल्पी की प्रवृति

○ **परमाणु तथा आयन का आकार :**

- संक्रमण धातुओं की पमराण्वीय त्रिज्या s-तथा p-ब्लॉक के तत्वों की परमाण्विय त्रिज्या के मध्य (lintermediate) होती है। तत्वों की सहसंयोजी त्रिज्या, प्रत्येक संक्रमण श्रेणी में बाँये से दाँये जाने पर अंत तक कम होती है तथा अन्त में त्रिज्या में थोड़ीसी वृद्धि होती है। मध्य के पश्चात आकार में कमी बहुत कत होती है। शुरूआत में परमाणु त्रिज्या घटने के साथ नाभिकीय आवेश बढ़ता है। (जैसे–जैसे परमाणु संख्या में वृद्धि होती है) जबकि d-इलेक्ट्रॉन का परिक्षण प्रभाव कम होता है। मध्य के बाद जब इलेक्ट्रॉन उपान्तिम कोश में भरे जाते है तब जुड़ने वाले d-इलेक्ट्रॉन ब्राह्तम कोश के इलेक्ट्रॉन का परिरक्षण करते है। इस प्रकार d-इलेक्ट्रॉन में वृद्धि के साथ्ज्ञ परिरक्षण प्रभाव बढ़ता है तथा यह बढ़े हुए नाभिकीय आवेश को प्रति संतुलित करता है। परिणामस्वरूप प्रायोगिकरूप से Cr के बाद परमाणु त्रिज्या लगभग समान होती है। श्रेणी के अंत के समीप समान कक्षकों में जुड़ने वाले इलेक्ट्रॉनों के मध्य इलेक्ट्रॉनों के मध्य इलेक्ट्रॉन प्रतिकर्षण, आकर्षण बल की तुलना में अधिक होता है। इसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉन अभ्र (electron cloud) में प्रसार होता है तथा परमाणु त्रिज्या में वृद्धि होती है।

- वर्ग में नीचे की तरफ जाने पर परमाणु त्रिज्या बढ़ती है।

- द्वितीय श्रेणी की परमाणु त्रिज्या प्रथम संक्रमण श्रेणी की तुलना में अधिक होती है। परन्तु द्वितीय तथा तृतीय संक्रमण श्रेणी की परमाणु त्रिज्या लगभग समान होती है। द्वितीय संक्रमण श्रेणी के परमाणु में, कोशो की संख्या, प्रथम संक्रमण श्रेणी की तुलना में अधिक होती है। परिणामस्वरूप $II^{nd}$ संक्रमण रेणी का परमाणु, प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों की परमाणु त्रिज्या से अधिक होती है। $II^{nd}$ तथा $III^{rd}$ संक्रमण श्रेणी के तत्वों की त्रिज्या लैन्थेनाइड संकुचन के कारण लगभग समान होती है।
  यह परिघटना 4f कक्षकों के बीच में आने के कारण होती है जिनमें इलेक्ट्रॉनों की आपूर्ति 5d श्रेणी के तत्वों d कक्षक में आपूर्ति प्रारंभ होने से पहले होनी चाहिए। 5d कक्षकों के पूर्व 4f कक्षकों में इलेक्ट्रॉनों की आपूर्ति के कारण परमाणु त्रिज्याओं में नियमित हास होता है, जिसे लैन्थेनायड संकुलन (lantanoid contraction) कहते है। जो आवश्यक रूप से बढ़ते हुए परमाणु क्रमांक के साथ परमाणवीय आकार में हुई संभावित वृद्धि की क्षतिपूर्ति करता है। लैन्थेनॉयड आकुंचन के समर्ग प्रभाव के कारण तिीय एवं तृतीय संक्रमण श्रेणी के अनुरूप तत्वों की त्रिज्याऐं समान हो जाती है (दाहरण Zt. 160 pm तथा Hf, 159 pm) तथा इनके भौतिक एवं रासायनिक गुणों में अत्यधिक समानता पाई जाती है, जो सामान्य जातिगत संबंधों के आधार पर अपेक्षित समानता से भी बहुत अधिक होती है।

❖ परमाण्वीय त्रिज्या के समान प्रत्येक श्रेणी में आयनिक त्रिज्या भी घटती है तथा अन्त में उसमें भी थोड़ी वृद्धि होती है।

❖ भिन्न–भिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं में संक्रमण तत्वों की आयनिक त्रिज्या भिन्न–भिन्न होती है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

○ **गलनांक तथा क्वथनांक :**
सामान्यतः संक्रमण श्रेणी में तत्वों के गलनांक तथा क्वथनांक बहुत उच्च होते है। परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ–साथ संक्रमण तत्वों के गलनांक बढ़ते है तथा फिर घटते है। मैगनीज तथा टेक्नेशियम का गलनांक असमान्य रूप से निम्न (low) होता है। इन तत्वों के परमाणु के मध्य प्रबल धत्विक बंध लक्षण उनके गलनांक तथा क्वथनांक देते है। एक विशेष श्रेणी में, धात्विक सामर्थ्य अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या में वृद्धि के साथ मध्य तक बढत्रती है। अर्थात् $d^5$ तक। Cr के बाद अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या में कमी आती है क्योंकि इलेक्ट्रॉनों के युग्मन में वृद्धि होती है। इस प्रकार के मध्य के बाद गलनांक में कमी आती है।

❖ Mn, Tc व Re के गलनांक में कमी को इनके निश्चित रूप से अर्धभरे d-कक्षकों के द्वारा समझाया जा सकता है। इस स्थायी इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के कारण इलेक्ट्रॉन, नाभिक द्वारा प्रबल रूप से बंधे होते है तथा इस प्रकार इलेक्ट्रॉन का विस्थानीकरण कम होता है तथा इनके धात्विक बन्ध पूर्व के तत्वों से बहुत कमजोर होते है।

○ **घनत्व :**
संक्रमण तत्वों का परमाण्वीय आयतन, वर्ग 1 तथा 2 के तत्वों की तुलना में कम होता है। यह इसलिए होता है क्योकि बढ़ा हुआ नाभिकीय आवेश का दुर्बलता से परिरक्षण होता ळै। इसलिए सभी इलेक्ट्रॉन प्रबल रूप से आकर्षित होते है। इसके अतिरिक्त जुड़ने वाला इलेक्ट्रॉन आंतरिक कोश में भरा जाता है। परिणामस्वरूप संक्रमण धातुओं के घनत्व उच्च होते है। द्वितीय पंक्ति का घनत्व उच्च तथा तृतीय पंक्ति के घनत्व का मान उससे भी उच्च होता है। उच्त्तम घनत्व वाले संक्रमण तत्व है।
(i) ओसमियम 22.57 $cm^{-3}$ तथा (ii) इरिडीयम 22.61 g $cm^{-3}$.

❖ एक आवर्त में बाँये से दाँये जाने पर परमाण्वीय आयतन घटता है तथा परमाण्वीय द्रव्यमान बढत्रता है। इस प्रकार आवर्त में घनत्व बढ़ता है।

❖ अंतिम तत्व जिंक अपवाद स्परूप (अपवाद जो कि) उच्च परमाणीय आयतन तथा निम्न घनत्व रखता है।

○ **आयनन ऊर्जा का आयनन एन्थैपी :**

- d- ब्लॉक के तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा s-तथा p-ब्लॉक के मध्यवर्ती होती है। इससे स्पष्ट है कि वर्ग 1 तथा 2 की तुलना में संक्रमण तत्व कम विद्युतधनी होते है तथा स्थिति के अनुसार आयनिक या सहसंयोजक बंध बनाते है। सामान्यतः निम्न संयोजी अवस्था आयनिक तथा उच्च संयोजी अवस्था सहसंयोजक होती है। आवर्त में बाँये से दाँये जाने पर आयनन ऊर्जा, परमाणु क्रमांक के बढ़ने के साथ बढ़ती है। ऐसा इसलिए होता है कि आवर्त में परमाणु क्रमांक बढ़ने साथ नाभिकीय आवेश बढ़ता है, तथा परमाणु आकार में घटता है। इसके परिणामस्वरूप बाहरी इलेक्ट्रॉन को हटाना मुष्किल होता है।
- दी गई श्रेणी में, कोई दो क्रमिक d-ब्लॉक तथ्वों के मध्य आयनन ऊर्जाओं के अंतर का मान, s-ब्लॉक या p-ब्लॉक के तत्वों के मध्य अंतर की तुलना में बहुत कम होता है। बढ़े हुए प्रभावी नाभिकीय आवेश तथा जुड़ने वाले d-इलेक्ट्रॉन के परिरक्षण का प्रभाव का एक–दूसरे का विरोध करते है। इस प्रकार इन दोनों प्रति प्रभाव के कारण, एक आवर्त में बांये से दाये जाने पर दो क्रमिक संक्रमण तत्वों की आयनन ऊर्जा में अंतर बहुत कम होता है।
- Zn, Cd तथा Hg की प्रथम आयनन ऊर्जा बहुत उच्च होती है क्योंकि इनका पूर्ण भरा $(n - 1)d^{10} ns^2$ विन्यास होता है।
- एक आवर्त में बाये से दांये जाने पर $II^{nd}$ तथा $III^{rd}$ आयनन ऊर्जा बढ़ती है। 2nd आयनन ऊर्जा Cr > Mn तथा Cu > Zn. यह इसलिए होता है क्योकि Cr तथा Cu के प्रथम इलेक्ट्रॉन हटाने के पश्चात यह स्थायी विन्यास ($d^5$ & $d^{10}$) अर्जित कर लेते है तथा $II^{nd}$ इलेक्ट्रॉन को हटाना बहुत मुश्किल हो जाता है।
इसी प्रकार द्वितीयक आयनन ऊर्जा $_{23}V < _{24}Cr > _{25}Mn$ तथा $_{28}Ni < _{29}Cu > _{30}Zn$.
Mn की तृतीय आयनन ऊर्जा बहुत अधिक होती है क्योंकि स्थायी अर्द्ध भरे 3d कक्षक से तृतीय इलेक्ट्रॉन को हटाना पड़ता है।
- 5d तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा 3d तथा 4d तत्वों की तुलना में अधिक होती है। इसका कारण यह है कि 5d तत्वों में 4f इलेक्ट्रॉनों द्वारा नाभिक का दुर्बल परिरक्षण होता है। परिणामस्वरूप ब्राह्य संयोजी इलेक्ट्रॉन पर उच्च प्रभावी नाभिकीय आवेश होता है।



**ऑक्सीकरण अवस्था :**

संक्रमण धातुओं की कई ऑक्सीकरण अवस्थायें होती है। इसमें कुछ अपवाद होते है। इनमें से अधिक परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाते है। ये विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थायें इनके परमाणुओं के इलेक्ट्रानिक विन्यास से संबंधित है।

संक्रमण तत्वों का विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाने से यह तात्पर्य है कि इनके परमाणु विभिन्न संख्या में इलेक्ट्रॉन त्याग सकते है। इसका कारण अंतः (n - 1) d- इलेक्ट्रॉन का, बाह्य ns-इलेक्ट्रॉन के जुड़ने में योगदान करना है क्योंकि ns तथा (n- 1 )d- उपकोशों की ऊर्जा लगभग समान होती है। उदाहरण क लिए, स्कैन्डियम का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $3d^1 4s^2$ है। जब ये बंधन के लिये इसके दोनों 4s-इलेक्ट्रॉनों का उपयोग करता है, तो ये + 2 ऑक्सीकरण अवस्था इर्शाता है। लेकिन जब ये दो s-इलेक्ट्रॉन तथा एक d-इलेक्ट्रॉन का उपयोग करता है, तो ये +3 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है। इसी तरह दूसेर बाह्य परमाणु ns-तथा (n - 1) d-इलेक्ट्रॉन के बराबर ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाते है।

**प्रथम संक्रमण श्रेणी की विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्था**

| तत्व | बह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास | ऑक्सीकरण |
|---|---|---|
| Sc | $3d^1 4s^2$ | +3 |
| Ti | $3d^2 4s^2$ | +2,+3,+4 |
| V | $3d^3 4s^2$ | +2,+3,+4,+5 |
| Cr | $3d^5 4s^1$ | +2,+3,(+4), (+5), +6 |
| Mn | $3d^5 4s^2$ | +2,+3,+4,(+5), +6, +7 |
| Fe | $3d^6 4s^2$ | +2,+3 (+4), (+5),(+6) |
| Co | $3d^7 4s^2$ | +2,+3,(+4) |
| Ni | $3d^8 4s^2$ | +2,+3,+4 |
| Cu | $3d^{10} 4s^1$ | +1,+2 |
| Zn | $3d^{10} 4s^2$ | +2 |

उपरोक्त दी गई ऑक्सीकरण अवस्थायें अस्थायी है।

द्वितीय संक्रमण श्रेणी के विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्था

| Y | Zr | Nb | Mo | Tc | Ru | Rh | Pd | Ag | Cd |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +3 | (+3) | (+2) | +2 | +2 | +2 | +2 | +2 | +1 | +2 |
| | +4 | (+3) | +3 | (+4) | +3 | +3 | (+3) | (+2) | |
| | | (+4) | +4 | (+5) | +4 | +4 | +4 | (+3) | |
| | | +5 | +5 | | (+5) | (+6) | | | |
| | | | +6 | | (+6) | | | | |
| | | | | | (+7) | | | | |
| | | | | | (+8) | | | | |

तृतीय संक्रमण श्रेणी के तत्वों की विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्था

| La | Hf | Ta | W | Re | Os | Ir | Pt | Au | Hg |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +3 | (+3) | (+2) | +2 | (-1) | +2 | +2 | +2 | +1 | +1 |
| | +4 | (+3) | (+3) | (+1) | +3 | +3 | (+3) | +3 | +2 |
| | | (+4) | +4 | (+2) | +4 | +4 | +4 | | |
| | | +5 | +5 | +3 | +6 | (+6) | (+5) | | |
| | | | +6 | +4 | +8 | | (+6) | | |
| | | | | +5 | | | | | |
| | | | | (+6) | | | | | |
| | | | | +7 | | | | | |

यह नोट किया गया है कि दी गई ऑक्सीकरण अवस्था कस स्थायित्व तत्व जिससे धातु संयोग करती है कि प्रकृति पर निर्भर करता है। उच्च ऑक्सीकरण अवस्था फ्लोराइड तथा ऑक्साइड के यौगिक में पाई जाती है क्योकि फ्लोरिन व ऑक्सीन अधिक विद्युत ऋणी तत्व है।
विभिन्न संक्रमण धातु के द्वारा दर्शाई साधारण ऑक्सीकरण अवस्था निम्न तथा बतलाती है।

(i) संक्रमण धातु की परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था अंत (n - 1)d तथा ब्राह्य ns-इलेक्ट्रोनों की संख्या से संबंधित है। उदाहरण के लिये प्रथम संक्रमण श्रेणी में $Cr(3d^5 4s^1)$ की ऑक्सीकरण अवस्था निम्न तथा $Cu(3d^{10} 4s^1)$ की +1 जबकि दूसरों के लिये +2 $(3d^{1-10}\ 4s^2)$ है।

(ii) स्कैन्डियम को छोड़कर प्रथम संक्रमण श्रेणी तत्वों की साधारण ऑक्सीकरण अवस्था +2 होती है जो कि दो 4s-इलेक्ट्रॉनों की कमी से बढ़ती है। इसका मतलब स्कैन्डियम के बाद 3d-कक्षक अधिक स्थायी होता तथा इसलिए 4s-में कम ऊर्जा होती है। इसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रोन पहले 4s-कक्षक में से निकलेगे।

(iii) तत्वों जो अधिक संख्या में ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है श्रेणी के मध्य में होता है। उदाहरण के लिये प्रथम संक्रमण श्रेणी मैग्नीज +2 से +7. तक सभी ऑक्सीकरण अवस्थायें रखता है। श्रेणी के प्रारम्भ में कम इलेक्ट्रॉन को छोड़ने व ऐसा करने के लिये पाये जाने के कारण (Sc, Ti) की ऑक्सीकरण संख्या कम होती है और दूसरी तरफ सीधे हाथ की तरफ अन्त में (Cu, Zn), की ऑक्सीकरण अवस्था कम होती है इसका कारण इलेक्ट्रॉन के ज्यादा संख्या में पाये जाने से केवल कुछ ही कक्षक मिलते है जिनसे कि इलेक्ट्रॉन उच्च संयोजकता के लिये सांझित हो सकते है। प्रथम पांच तत्वों के लिये न्यूनतम आक्सीकरण अवस्था इन कक्षक में अपस्थित इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होगी तथा दूसरी ऑक्सीकरण अवस्थाये s-के बाह्य तथा सभी इलेक्ट्रॉनों के योग से दी जाती है। उच्च ऑक्सीकरण अवस्था बाह्य (ns) तथा (n - 1)d- इलेक्ट्रॉनों के योग के बराबर होती है। (उदाहरण $Ti^{IV}O_2$, $V^{V}O_2^+$, $Cr^{VI}O_4^{2-}$ , $Mn^{VII}O_4^-$ आदि) बचे हुए s-तत्वों की न्यूनतम ऑक्सीकरण अवस्था s कक्षक के इलेक्ट्रॉनों द्वारा दी जाती है। जबकि अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था उनके इलेक्ट्रॉनिक विन्यास से संबंधित नहीं। (उदाहरण Fe(II) and (III), Co(II) and (III), Ni(II), Cu(I) and (II), Zn(II). किसी भी संक्रमण धातु द्वारा दर्शाई उच्च ऑक्सीकरण अवस्था +8 है।

(iv) श्रेणी के प्रारिम्भक तत्वों में स्कैन्डियम (II) अज्ञात तथा टाइट्रेनियम (IV), Ti(III) तथा Ti(II) से ज्यादा स्थाीय होती है। जबकि दूसरी तथा जिंक केवल +2 ऑक्सीकरण अवस्था होती है जिसमें कोई d-इलेक्टॉन भाग नहीं लेता।

(v) +2 तथा +3 ऑक्सीकरण अवस्था में बना बंध अधिकतर आयनिक होता है। उच्च ऑक्सीकरण अवस्था (साधारणतः ऑक्सीजन तथा फ्लोरिन के साथ बने), में बने बंध सहसंयोजी होगा +2 तथा +3 ऑक्सीकरण अवस्था साधारणत दो या तीन इलेक्ट्रोनों के जाने से बनती है। जबकि उच्च ऑक्सीकरण अवस्था में बंध d-इलेक्ट्रॉनों के जाने से बनती है उदाहरण के लिए ($MnO_4^-$ (Mn in + 7) सभी बंध सहसंयोजी होंगे।

(vi) एक वर्ग में परमाणु क्रमांक बढ़ाने के साथ–साथ अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था बढ़ती है उदाहरण के लिये आयरन(वर्ग8) साधारणतः +2 तथा +3 ऑक्सीकरण अवस्था लेकिन रूथेनियम तथा औसमियमय यौगिक से समान वर्ग में +4, +6 तथा +8 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाते है।

(vii) संक्रमण धातु कम ऑक्सीकरण अवस्था जैसे +1, 0 या ऋणात्मक के भी यौगिक बनाता है। सामान्य उदाहरण $(Ni(CO)_4]$, $[Fe(CO)_5]$ मं Ni तथा Fe की ऑक्सीकरण अवस्था शून्य है।

(viii) संक्रमण तत्वों में परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था अपूर्ण भरे d-कक्षकों होने से बढ़ती है उनकी ऑक्सीकरण अवस्थायें निम्न ईकाई की तरह $V^{II}$, $V^{III}$, $V^{IV}$ तथा $V^{V}$ से बढ़ती है। यह व्यवहार असंक्रमण तत्वों (p-ब्लाक तत्वों), की परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था के साथ बढ़ता है यहाँ ऑक्सीकरण अवस्था साधारणतः दी ईकाई के द्वारा बढ़ती है जैसे $SN^{2+}$, $Sn^{4+}$, $In^+$, $In^{3+}$, इत्यादि।

(ix) p-ब्लाक तत्वो में जहॉ भारी सदस्यों (अक्रिय युग्म प्रभाव के कारण) निम्न ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है। उच्च ऑक्सीकरण अवस्था भारी संक्रमण तत्वों में अधिक स्थायी है। उदाहरण के लिये वर्ग 6, में Mo (VI) तथा W (VI), W (VI) की तुलना में ज्यादा स्थायी है। इसलिए अम्लीय माध्यम में Cr(VI) डाइक्रोमंट के रूप में प्रबल ऑक्सीकारक है। जबकि $MoO_3$ तथा $WO_3$ नहीं।

**मानक इलेक्ट्रोड विभव :**

आयनन एन्थैल्पी का परिमाण ऊर्जा की वह मात्रा बताता है। जो किसी निश्चित ऑक्सीकरण अवस्था को धातु का यौगिक बनाने के लिये एक इलेक्ट्रॉन निकालने के लिसे आवश्यक है। इसलिये आयनन एन्थैल्पी का मान संक्रमण धातु यौगिक की विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्था में ऊष्मागतिकीय रूप से स्थायित्व को बताती है। धातु की आयनन एन्थैल्पी कम होगी तो यौगिक स्थायी होगा उदाहरण के लिये निकिल व प्लेटिनम की चार ऑक्सीकरण अवस्थायें नीचे दर्शाई गई है।

| आयनन एन्थैल्पी | Ni | Pt |
|---|---|---|
| $IE_1 + IE_2$ | $2.49 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ | $2.66 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ |
| $IE_3 + IE_4$ | $8.80 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ | $6.70 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ |
| Total | $11.29 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ | $9.36 \times 10^3$ kJ $mol^{-1}$ |

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि निकिल की प्रथम दो आयनन एन्थैल्पी कम योग प्लेटिनम की प्रथम आयनन एन्थैल्पी से कम है।

$Ni \longrightarrow Ni^{2+} + 2e^-$    I.E. = $2.49 \times 10^3$ kJ mol$^{-1}$

$Pt \longrightarrow Pt^{2+} + 2e^-$    I.E. = $2.66 \times 10^3$ kJ mol$^{-1}$

इसलिये निकिल से $Ni^{2+}$ की आयनन ऊर्जा, प्लेटिनम की तुलना में अधिक उपयुक्त परिस्थिति है। इसलिये Ni (II) यौगिक Pt(II) यौगिक की तुलना में उष्मागतिकीय रूप से अधिक स्थायी है और दूसरे तरफ प्लेटिनम की प्रथम चार आयनन एन्थेल्पियों का योग निकिल की तुना में कम होता है।

$Ni \longrightarrow Ni^{4+} + .2e^-$    I.E. = $11.29 \times 10^3$ kJ mol$^{-1}$

$Pt \longrightarrow Pt^{4+} + 2e^-$    I.E. = $9.36 \times 10^3$ kJ mol$^{-1}$

इसलिये Pt(IV) यौगिक Ni(IV) यौगिक की तुलना में अधिक स्थायी है। इसलिये $K_2PtCl_6$[Pt(IV) अवस्था में है] एक जाना पहचाना यौगिक है जबकि निकिल यौगिक ज्ञात नहीं है।
जबकि विलयन में यौगिक का स्थायित्व इलेक्ट्रोड विभव पर निर्भर करता है।

## इलेक्ट्रोड विभव :

आयनन एन्थैल्पी के योग में दूसरे कारक जैसे ऊर्ध्वपातन की एन्थैल्पी, जलयोजन एन्थैल्पी, आयनन ऐन्थैल्पी आदि विलयन में निशिचत ऑक्सीकरण अवस्था के स्थायित्व का निर्धारण करता है। इसे इनके इलेक्ट्रोड विभव मानों के पदों में समझाया जा सकता है। धातु के ऑक्सीकरण विभव में निम्न प्रक्रम भाग लेते है।

$$M(s) \longrightarrow M^+ (aq) + e^-$$

हय – प्रक्रम वात्व में निम्न तीन पदों में होता है।




(i) प्रथम पद में परमाणु एक दूसरे में विलगित होते है तथा गैसी अवस्था में स्वतंत्र बनते है। यह ठोस धातु से गैसीय अवस्था में बदलते है। इस प्रक्रम के लिये आवश्यक ऊर्जा उर्ध्वपातन की एन्थैल्पी कहलाती है।

$M(s) \longrightarrow M^+(g)$    उर्ध्वपातन की एन्थैल्पी $\Delta_{sub}H^\ominus$

(ii) द्वितीय पद में विलगित परमाणु में से बाह्य इलेक्ट्रॉन निकाला जाता है। इस परिवर्तन के लिये आवश्यक ऊर्जा आयनन ऐन्थैल्पी कहलाती है।

$M(s) \longrightarrow M^+(g) + g^-$    आयन ऐन्थैल्पी, IE

(iii) तृतीय पद में गैसी आयन जलयोजित हो जाता है इस प्रक्रम में युक्त ऊर्जा जलयोजन ऊर्जा कहलाती है

$M^+(g) + nH_2O \longrightarrow M^+(aq)$    जलयोजन की एन्थैल्पी $\Delta_{\text{जलयोजन}}H$

ऑक्सीकरण विभव जो कि पूर्ण परिवर्तन को दर्शाये इस तीन पदों के परिणामी प्रभाव पर निर्भर करता है।

$$\Delta H = \Delta_{sub}H^\ominus + IE + \Delta_{hyd}H$$

इसलिये, $\Delta H$ वह ऐन्थैल्पी परिवर्तन हो जो ठोस धातु M को 1 एकल संयोजी आयन $M^+$ (aq). बदलने जलीय माध्यम में काम आता है। इसी तरह का समान चक्र विलयन में ऋणायन निर्माण के लिये बनाते है। इसमें आयनन एन्थैल्पी को इलेक्ट्रॉन गैंन एन्थैल्पी से स्थानान्तरण करते है जब गैसी परमाणु को गैसीय आयन में बदलते है। किसी निश्चित ऑक्सीकरण अवस्था के स्थायित्व पता लगाने मं $\Delta H$ मदद करता है। जलीय विलयन में किसी निश्चित ऑक्सीकरण अवस्था के लिये कुल ऊर्जा परिवर्तन का मान छोटा होगा तो उस ऑक्सीकरण अवस्था का स्थायित्व ज्यादा होगा। इलेक्ट्रॉड विभव कुल ऊर्जा परिवर्तन का मापन है। गुणात्मक रूप से संक्रमण धातु ायन की विभिन्न आक्सीकरण अवस्था को इलेक्ट्रॉउ विभव ऑकडो के आधार पर निर्धारित करते है। इलेक्ट्रॉड ॅक्सीकरण अवस्था अधिक स्थायी होगा।
विभिन्न धातुओं का इलेक्ट्रॉड विभव मानक हाइड्रोजन इलेक्ट्रॉड के साथ सैल बनाकर मापित किया जा सकता है। $M^2.+$ | 1M के इलेक्ट्रॉड विभव का मापन सैल के e.m.f. जिसमें निम्न अभिक्रिया हो उसे जाते है।

$$2H^+ (aq) + M(s) \longleftrightarrow M^{2+} (aq) + H_2(g)$$

$2H^+(aq) \mid H_2(g)$ के विभव को जानने के बाद यह संभव है कि $M^{2+}$ (aq) | M. का विभव ज्ञात हो जाये। प्रथम संक्रमण श्रेणी के $M^{2+}(aq) \mid M$ के $E^\ominus$ का मान निम्न दिया गया है :

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

$E^{\ominus}$ के प्रेक्षित मान और गणना से प्राप्त ऑकडो का तुलनात्मक आरेख निम्न है।




प्रथम श्रेणी संक्रमण तत्व तथा **$M^{II}$** से **M** अपचयन के लिये मान अपचयन विभवों के लिए ऊष्मारासयनिक ऑकड़ो (KJ $mol^{-1}$ में)

| Element (M) | $\Delta_a$ Hq (M) | $\Delta_f H_1^\theta$ | $\Delta_1 H_2^\theta$ | $\Delta_{hyd}H^\theta (M^{2+})$ | $E^\theta$ /V |
|---|---|---|---|---|---|
| Ti | 469 | 661 | 1310 | -1866 | -1.63 |
| V | 515 | 648 | 1370 | -1895 | -1.18 |
| Cr | 398 | 653 | 1590 | -1925 | -0.90 |
| Mn | 279 | 716 | 1510 | -1862 | -1.18 |
| Fe | 418 | 762 | 1560 | -1998 | -0.44 |
| Co | 427 | 757 | 1640 | -2079 | -0.28 |
| Ni | 431 | 736 | 1750 | -2121 | -0.25 |
| Cu | 339 | 745 | 1960 | -2121 | 0.34 |
| Zn | 130 | 908 | 1730 | -2059 | -0.76 |

परिणामों से निम्न निष्कर्ष निकलते है।

(i) इन मानों का कोई लगातार क्रम नहीं। यह आयनन एन्थैल्पियों के असमान क्रम के ($IE_1 + IE_2$) तथा आर्वत में उर्ध्वपातन ऊर्जा का परिणाम है।

(ii) यह नोट करने वाली गात है कि सक्रमण धातु के इलेक्ट्रॉड विभव वर्ग 2 के तत्वों की तुलना में कम होता है। वर्ग 2 तत्वों की तुलना से सक्रमण (e.e, Ca = - 2.87 V) तत्वों की आयनन एन्थैल्पी तथा परमाणवीकरण ऐन्थैल्पी बहुत ज्यादा है। ये अपने इलेक्ट्रॉड विभव को इनकी बढ़ी हई जलयोजन एन्थैल्पी से कम कर लेते है।

(iii) Zn की परमाण्वीकरण ऐन्थैल्पी कम तथा जलयोजन ऊर्जा ज्यादा होती है लेकिन इसके इलेक्ट्रॉड विभव का मान (-0.76V) कम होता है। क्योंकि इसकी आयतन ऐन्थैल्पी ($IE_1 + IE_2$) बहुत उच्च होती है।

(iv) उपरोक्त चित्र व सारणी से स्पष्ट है कि कॉपर का अपचयन विभव $E^{\ominus}$ धनात्मक ळै तथा इसमें यह स्पश्ट होता है कि प्रथम सक्रमण रेणी में कम क्रियाशील धातु कॉपर है। यह असमान व्यवहार कॉपर के E का (+ve) इसकी अम्ल से $H_2$ मुक्त न कर पाने के कारण है। यह प्रेक्षित किया गया कि केवल ऑक्सीकारी अम्ल (जैसे नाइट्रिक अम्ल तथा गर्म सान्हित सल्फ्यूरिक अम्ल) कॉपर के साथ क्रिया करते है जिससे अम्ल हट जाता है। Cu(s) को $Cu^{2+}$ (aq) में बदलने के लिये आवश्यक उच्च ऊर्जा को इसकी जलयोजन एन्थैल्पी द्वारा संतुलित नहीं किया जा सकता है।

(v) साधारणतः श्रेणी में कान कम ऋणात्मक रहता है यह साधारणतः प्रथम तथा द्वितीय आयतन ऐनथैल्पीयो के योगों से बढ़ते क्रम से संबंधित है यह रोक तथ्य है कि Mn, Ni तथा Zn के $E^0$ का मान साधारण क्रम से अधिक ऋणात्मक है। $E^{\ominus}$ का अधिक ऋणात्मक मान Mn तथा Zn के लिए $Mn^{2+}$ ($3d^5$) के अद्धपूर्ण d-उपकोश तथा $Zn^{2+}$ पूर्ण भरे ($3d^{10}$) विन्यास के कारण होता है। अपवाद 6d रूप उच्च $E^{\ominus}$ का मान Ni के साधारण क्रम से $Ni^{2+}$ आयन की जलयोजन की उच्च ऋणात्मक एन्थैल्पी से संबंधित है।

$M^{3+} | M^{2+}$ मानक इलेक्ट्रोड विभव के पदों में

कॉपर तथा जिंक को छोड़कर प्रथम सक्रमण श्रेणी के सभी तत्व +3 ऑक्सीकरण अवस्थ दर्शाते है। तथा जलीय विलयन में $M^+$ आयन बनाते है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

$M^{3+}$ | $M^{2+}$ अपचायक युग्म के लिये मानक अपचयन विभव नीचे दिये गये है।

| | Ti | V | Cr | Mn | Fe | co |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $E^{\ominus}(M^{3+}(aq) \mid M^{2+}(aq) \text{ in } V)$ | -0.37 | -0.26 | -0.41 | +1.57 | +0.77 | +1.97 |

इनके मान निम्नलिखित तथ्यों को अभिव्यक्त करते है:–

(i) स्कैन्डियम का न्यून मान $Sc^{3+}$ जिसका नोवल गैस विन्यास है, के स्थायीत्व को प्रकट करता है।

(ii) Mn के तुलनात्मक रूप से उच्च से यह प्रदर्शित होता है कि $Mn^{2+}$ ($d^5$ विन्यास) विश्चित रूप से स्थायी है। दूसरी ओर Fe के तुलनात्मक रूप से निम्न मान से $Fe^{3+}$ ($d^5$ विन्यास) के अतिरिक्त स्थायीत्व को समझा जा सकता है।

(iii) V का तुलनात्मक रूप से निम्न मान $V^{2+}$ के स्थायीत्व से संबंधित होता है (अष्टफलकीय क्रिस्टलीय क्षेत्र विघटन में 3d कक्षकों के $T_{2g}^{3}$ ऊर्जा स्तर के कारण)

(iv) $Mn^{3+}$ / $Mn^{2+}$ युग्म के लिए $E^{\ominus}$ मान $Cr^{3+}$ / $Cr^{2+}$ या $Fe^{3+}/Fe^{2+}$. के लिए $E^{\ominus}$ मान से बहुत अधिक धनात्मक होता है। इसका कारण यह है कि Mn का $III^{rd}$ I.E. बहुत अधिक होता है। ($d^2$ विन्यास से इलेक्ट्रॉन को हटाने के लिए)

## उच्चर ऑक्सीकरण अवस्थाओं के स्थायीत्व की प्रवृत्ति

मानक इलेक्ट्रोड विभव ऑकड़ों से किसी तत्व द्वारा प्रदर्शित की जाने वाले विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं के स्थायीत्व के बारे में उपर्युक्त सूचना प्रापत होती है। सामान्यतया उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्थाओं हैलाइड एवम् आक्साईड ही दर्शाते है।

1. **धातु हैलाइडो में** : संक्रमण तत्व उच्च ताप पर हैलोजनो से क्रिया करके संक्रमण धातु हैलाइड बनाते है। इनकी अभिक्रियाओं में बहुत अधिक अभिक्रिया ऊष्मा का उपयोग होता है। लेकिन एक बार अभिक्रिया प्रारम्भ होने पर अभिक्रिया ऊष्मा ही अभिक्रिया के निरन्तर होने के लिए पर्याप्त होती है। हैलोजन निम्नलिखित घटते हुए क्रम में क्रिया करती है। $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$

**प्रथम संक्रमण श्रेणी के हैलाइड**

| ऑक्सीकरण संख्या | Sc | Ti | V | Cr | Mn | Fe | Co | Ni | Cu | Zn |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +6 | | | | $CrF_6$ | | | | | | |
| +5 | | | $VF_5$ | $CrF_5$ | | | | | | |
| +4 | | $TiX_4$ | $VX_4^{a}$ | $CrF_4$ | $MnF_4$ | | | | | |
| +3 | $ScX_3$ | $TiX_3$ | $VX_3$ | $CrF_3$ | $MnF_3$ | $FeX_3^{a}$ | $CoF_3$ | | | |
| +2 | | $TiX_2$ | $VX_2^{c}$ | $CrF_2$ | $MnX_2$ | $FeX_2$ | $CoX_2$ | $NiX_2$ | $CuX_2^{b}$ | $ZnX_2$ |
| +1 | | | | | | | | | $CuX^{c}$ | |
| | X = F, Cl, Br, I, $X^a$ = F, Cl, Br, $X^b$ = F, Cl, $X^c$ = Cl, Br, I | | | | | | | | | |

प्रत्येक संक्रमण समूह 3 - 12 में, विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं के स्थायीत्व में अंतर होता है। सामान्यत द्वितीय एवम् तृतीय संक्रमण श्रेणी के तत्व अपेक्षाकृत उच्च उपसहसंयोजन संख्या प्रदर्शित करते है तथा इनकी ये उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्थाऐं सत्संगत प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों से अधिक स्थायी होती है। संक्रमण धातु हैलाइडो के सन्द्रर्भ में उपरोक्त सारणे से निम्नलिखित तथ्यो को समझ करते है।

(i) सामान्यतया, प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों की ऑक्सीकरण अवस्थाऐं निम्नतम होती है। क्रोमियम से जिंक स्थायी डाई फ्लोराईड बनाते है तथा इनके अन्य क्लोराइड भी ज्ञात है।

(ii) चूँकि फ्लोरीन सर्वाधिक विद्युत ऋणी तत्व है संक्रमण धातुए फ्लोरीन के साथ उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाती है। उदाहरण $CrF_6$ तथा $VF_5$.

(iii) उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्थाऐं $TiX_4$ (टेट्राहैलाइड X = F, Cl, Br तथा I ), $VF_5$ तथा $CrF_6$ होती है।

(iv) Mn के लिए +7 ऑक्सीकरण अवस्था सरल हैलायड द्वारा नहीं दर्शायी जाती है। इसलिए, $MnO_3F$ ज्ञात है जिसमें Mn की ऑक्सीकरण अवस्था +7 है।

(v) Mn, के बाद, हैलोजनों के साथ उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाने की प्रवृत्ति असामान्य हो जाती है। आयरन एवम् कोबोल्ट ट्राईहैलाइड $FeX_3$ (X = F, Cl or Br) तथा $CoF_3$ बनाते है।

(vi) फ्लोरीन की उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्था में रहने की प्रवृति या तो अपेक्षाकृत उच्च जालक ऐन्थैल्पी के कारण होती है। जैसाकि $CoF_3$ की स्थिति में, या फिर अपेक्षाकृत उच्च सहसंयोजी बंधों के परीणामस्वरूप प्राप्त होने वाली उच्चतर बंध ऐन्थैल्पी के कारण होती है। उदाहरणार्थ $VF_5$ तथा $CrF_6$.

(vii) V(V) केवल $VF_5$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। इसलिए अन्य हैलाइड जल अपघटित होकर ऑक्सीहैलाइड $VOX_3$ बनाते है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

(viii) फ्लोराईड इनकी निम्नतर ऑक्सीकरण अवस्था में आपेक्षिक रूप से अस्थायी होते है। उदाहरण के तौर पर, वैनेडियम केवल $VX_2$ (X Cl, Br or I) तथा कॉपर केवल CuX (X = Cl, I). ही बनता है। आयोडाईड के अतिरिक्त समस्त कॉपर (II) हैलाइड ज्ञात है। इसका कारण यह है कि $Cu^{2+}$ $I^-$ को $I_2$. में ऑक्सीकृत कर देता है।

$$2Cu^{2+} + 4I^- \longrightarrow Cu_2I_2(s) + I_2$$

इससे यह ज्ञात होता है कि कई कॉपर (I) यौगिक जलीय विलयन में अस्थायी होते है तथा इसका विषमानुपातन निम्नानुसार Cu(II) तथा Cu(0) में हो जाता है।

$$2Cu^+ \longrightarrow Cu^{2+} + Cu$$

+2 ऑक्सीकरण अवस्था में कॉपर +1 ऑक्सीकरण अवस्था से अधिक स्थायी होता है। इस ऋणायन ऐन्थैल्पी का मान द्वितीयक इलेक्ट्रॉन को हटाने के लिए आवश्यक अधिक ऊर्जा की क्षतिपूर्ति से बहुत अधिक होता है। अर्थात कॉपर की द्वितीयक आयनन ऐन्थैल्पी बहुत अधिक होती है। $Cu^+$ की तुलना में $Cu^{2+}$ (aq) की अधिक ऋणात्मक जलयोजन एन्थैल्पी ($\Delta_{yhd}H^\ominus$) के आधार पर समझाया जा सकता है, जो द्वितीय इलेक्ट्रॉन निकालने के लिए आवश्यक अधिक ऊर्जा के संतुलन से अधिक होता है। उदाहरणार्थ, कॉपर की द्वितीय आयनन एन्थैल्पी।

2. धातु ऑक्साईड एवम् ऑक्सो धनायनों से,

## प्रथम संक्रमण श्रेणी के ऑक्साईड

| ऑक्सीकरण असंख्या | Sc | Ti | V | Cr | Mn | Fe | Co | Ni | Cu | zn |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +7 | | | | | $Mn_2O_7$ | | | | | |
| +6 | | | | $CrO_3$ | | | | | | |
| +5 | | | $V_2O_5$ | | | | | | | |
| +4 | | $TiO_2$ | $V_2O_4$ | $CrO_2$ | $MnO_2$ | | | | | |
| +3 | $Sc_2O_3$ | $TiO_3$ | $V_2O_3$ | $Cr_2O_3$ | $Mn_2O_3$ | $Fe_2O_3$ | | | | |
| +2 | | TiO | VO | (CrO) | MnO | FeO | CoO | NiO | CuO | ZnO |
| +1 | | | | | | | | | $Cu_2O$ | |
| मिश्रित आक्साइड | | | | | $Mn_3O_4$ | $Fe_3O_4$ | $Co_3O_4$ | | | |

ऑक्सीजन की उच्च ऑक्सीकरण अवस्था के सथायित्व को इसके ऑक्साइडों के आधार पर समझा जा सकता है। इनके ऑक्साइडों की उच्च ऑक्सीकरण अवस्थाऐं वर्ग संख्या को अभिव्यक्त करती है। उदाहरण के लिए, वर्ग संख्या 3 के तत्व स्कैन्डियम में इसके ऑक्साइडों की उच्चतम ऑक्सीकरण +3 होती है, $Sc_2O_3$ जबकि वर्ग संख्या 7 के तत्व बैंजीन की उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्था +7 $Mn_2O_7$ में होती है। इसलिए वर्ग संख्या 7 के बाद, आपस का $Fe_2O_3$ के अलावा कोई अन्य उच्चतर ऑक्साईड ज्ञात नहीं है। यद्यपि क्षारीय माध्यम में फैरेट आयन, $FeO_4^{2-}$ की उच्चतर ऑक्सीकरण अवसथा +6 होती है किन्तु यह शीध्रतापूर्वक $Fe_2O_3$ एवं $O_2$ में विघटित हो जाता है। ऑक्साइडों के अतिरिक्त, धातु ऑक्सो धनायनों के स्थायित्व को भी उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्था द्वारा समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, $VO_2^{2-}$ के रूप में $V^V$ तथा $VO^{2+}$ के रूप में $V^V$ तथा $TiO^{2+}$ के रूप में $Ti^{IV}$| यह ध्यान देने योग है कि ऑक्सीजन के उच्च ऑक्सीकरण अवस्था के स्थायित्व का सामर्थ्य फ्लोरीन से ज्यादा होता है। उदाहरणार्थः मैग्नीज उच्च फ्लोराइड, $MnF_4$ बनाता है जबकि उच्च ऑक्साइड $Mn_2O_7$ बनाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि ऑक्सीजन की धातुओं के साथ बहु बंध बनाने की बहुत अधिक क्षमता होती है। सहसंयोजी ऑक्साइड $Mn_2O_7$ में, प्रत्येक Mn परमाणु ऑक्सीजन परमाणु द्वारा ऑक्सीजन परमाणु द्वारा चतुष्फलकीय रूप से धिरा होता है तथा जिसमें Mn - O - Mn सेतु होता है। चतुष्फलकीय $[MO_4]^{n-}$ आयन वैनेडियम (V), क्रोमियम (VI), मैग्नीज (VI) तथा मैग्नीज (VII) के लिऐ भी ज्ञात है।

+2 एवम् +3 ऑक्सीकरण अवस्था वाले तत्व अधिकांशतः आयनिक बंध बनाते है जबकि उच्चतर ऑक्सीकरण अवस्था वाले संक्रमण तत्व मुख्य रूप से सहसंयोजी बंध बनाते है; जैसे कि $MnO_4^-$ में सभी बंध सहसंयोजी बंध है। जैसे ही धातुओं की ऑक्सीकरण अवस्था बढ़ती है। वैसे ही इनके ऑक्साइडों के आयनिक गुण घटते जाते है। उदाहरणार्थ Mn की स्थिति में, $Mn_2O_7$ एक सहसंयोजी हरा तेल है। इनके उच्चतर ऑक्साइडों में अम्लीय गुण मुख्य रू‍ से होते है। अतः $CrO_3$, $H_2CrO_4$ एवं $H_2Cr_2O_7$ देता है तथा $Mn_2O_7$, $HMnO_4$ देता है। इसी प्रकार से $V_2O_5$ उभयधर्मी होता है यद्यपि मुख्यतः यह अम्लीय प्रकृति का है। तथा क्षार एवम् अम्ल के साथ यह क्रमशः $VO_4^{3-}$ एवं $VO_2^+$ देता है।

**रंगीन आयन निर्माण :**

अधिकांशतः संक्रमण धातुओं के यौगिक ठोस अवस्था या विलयन अवस्था में रंगीन होते है। संक्रमण धातु यौगिक सामान्यतया अपूर्ण (n - 1)d- उपकोश की उपस्थिति के कारण रंगीन होते है। संक्रमण धातु यौगिक में, समान उपकोश में उपस्थिति पाँचों d-कक्षकों की ऊजाऐं बराबर नहीं होती है। केन्द्रीय धातु आयन की ओर पहुंचने वाले आयन के प्रभाव के कारण, केन्द्रीय धातु आयन के d-कक्षक विभिन्न ऊर्जा स्तरों में विखण्डित हो जाते है। इस परिघटना को क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन कहते है। उदाहरण के लिए, जब छ' आयन या अणु धातु आयन पर पहुंचते है। (जिसे अष्टफलकीय क्षेत्र कहते है।), तो पाँच d-कक्षक दो समुच्चयों में विखण्डित हो जाते हैः प्रथम समुच्चय में उच्चतर ऊर्जा के दो d-कक्ष $(d_{x^2-y^2}, d_{z^2})$ तथा दूसरे समुच्चय में निम्नतर ऊर्जा के तीन d- कक्षक $(d_{xy}, d_{yz}, d_{zx})$ बनते है।

संक्रमण धातु आयनों की स्थिति में, समान d-उपकोश में इलेक्ट्रोन सरलतापूर्वक एक ऊर्जा से दूसरे ऊर्जा स्तर में प्रवेष कर लेते है। इस प्रकार के संक्रमण को d-d संक्रमण कहते है। दृश्य प्रकाश के निश्चित रंगों की ऊर्जा से संबंधित समान d- उपकोश में कुछ इलेक्ट्रानों ऊर्जा ग्रहण करके उच्चतर ऊर्जा की कुछ मात्रा को अवशोषित कर लिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉन कक्षकों के निम्नतर ऊर्जा अवस्था से उच्चतर ऊर्जा अवस्था में चले जाते है। जैसा कि नीचे प्रदर्शित किया जाता है।




सफेद प्रकाश के अन्य रंग पारगमित हो जाते है तथा रंगीन दिखाई देता है। संक्रमण यौगिकों के प्रेक्षित रंग हमेशा सदैव पूरक रंग ही होते है। जिन्है। यौगिक द्वारा अवशोषित किया जाता है। उदाहरण के लिए, $Ti^{3+}$ यौगिकों के d-में केवल एक इलेक्ट्रॉन ही होता है। यह सफेद प्रकाश से हरा एवम् पीला भाग अवशोषित करता है तथा नीला व लाल भाग अत्सर्जित करता है। इसलिए $Ti^{3+}$ आयन बैंगनी रंग प्रकट करता है। इसी प्रकार से, जलयोजित क्यूप्रिक यौगिक में लाल प्रकाश से संबंधित विकिरणों का तो अवशोषण होता है तथा पारगमित रंग हरा जैसा नीला होता है (जो कि लाल रंग का पूरक रंग है।) अतः क्यूप्रिक यौगिक हरे जैसे नील रंग के होते है।

## विभिन्न जलयोजित संक्रमण धातु आयनों के रंग

| आयन | बह्रय विन्यास | आयन का रंग |
|---|---|---|
| Sc (III), Ti (IV) | $3d^0$ | श्रंगहीन |
| Ti (III) | $3d^1$ | बैगनी |
| V (IV) | $3d^1$ | नैला |
| V (III) | $3d^2$ | ळरा |
| V (II), Cr(III) | $3d^3$ | जमुनी |
| Mn (III) | $3d^4$ | जमुनी |
| Cr (II) | $3d^4$ | नैला |
| Mn (II) | $3d^5$ | गुलाबी |
| Fe (II) | $3d^5$ | पैला |
| Fe (II) | $3d^6$ | ळरा |
| Co (III) | $3d^6$ | नैला |
| Co (II) | $3d^7$ | गुलाबी |
| Ni (II) | $3d^8$ | ळरा |
| Cu (II) | $3d^9$ | नैला |
| Cu (I) | $3d^{10}$ | श्रंगहीन |
| Zn (II) | $3d^{10}$ | श्रंगहीन |

## चुम्बकीय गुणधर्मः

यह बहुज ही रोमांचक तथ्य है कि जब विभिन्न पदार्थों को चुम्बकीय क्षेत्र में रखते है, तो वे एक जैसा व्यवहार नहीं दर्शाते है अर्थात ये विभिन्न भिन्न भिन्न व्यवहार दर्शाते है जिसे चुम्बकीय व्यवहार कहते है। यौगिकों में चुम्बकीय गुणधर्म अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण होता है। चुम्बकीय गुण धर्म के आधार पर यौगिकों को दो प्रकारों में विभक्त किया गया है जो कि निम्न है।

(i) **अनुचुम्बकीय पदार्थ** : ऐसे यौगिक जो चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा आकर्षित होते है उन्है। चुम्बकीय पदार्थ कहते है। इनमें परमाण्तिक कक्षकों में अयुग्मित इलेक्ट्रोनों की उपस्थिति के कारण यह गुण धर्म प्रकट होता है।

(ii) **प्रतिचुम्बकीय पदार्थ** : ऐसे यौगिक जो चुम्बकीय क्षेत्र में प्राकर्षित होते है, उन्है। प्रतिचुम्बकीय कहते है। इनके परमाण्वीक कक्षकों में युग्मित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण यह गुण धर्म प्रकट होता है।
अधिकांश संक्रमण तत्वों के यौगिक चुम्बकीय क्षेत्र में अनुचुम्बकीय प्रकृति के होते है संक्रमण तत्वों के d-उपकोश आंशिक रूप से भरे होते है। अधिकांश संक्रमण धातु आयन या फिर इनके यौगिकों के d-उपकोश में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते है। ($d^1$ से $d^9$ विन्यास तक) जिसके परीणामस्वरूप इनके अनुचुम्बकीय गुण धर्म वृद्धि होती है। चुम्बकीय प्रकृति को चुम्बकीय आघूण के पदों में अभिव्यक्त करते है। किसी यौगिक में अयुग्मित इलेक्ट्रोनों की संख्या अधिक होने पर इनके अनुचुम्बीय गुण अधिक होते है। तथा चुम्बकीय आधूर्ण भी अधिक होता है। चुम्बकीय आधूर्ण को बाहर मैग्नेटोन में व्यक्त करते है जिसका लघुरूप B.M है।

### प्रथम सक्रमण श्रेणी के आयनों के गणनात्मक एवम् प्रेक्षित चुम्बकीय

| आयन | बह्रयतम विन्यास | अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या | चमतबीय आघूर्ण (B.M.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | गणात्मक | प्रेक्षित |
| $Sc^{3+}$ | $3d^0$ | 0 | 1 | 0 |
| $Ti^{3+}$ | $3d^1$ | 1 | 1.73 | 1.75 |
| $Ti^{2+}$ | $3d^2$ | 2 | 2.84 | 2.76 |
| $V^{2+}$ | $3d^3$ | 3 | 3.87 | 3.86 |
| $Cr^{2+}$ | $3d^4$ | 4 | 4.90 | 4.80 |
| $Mn^{2+}$ | $3d^5$ | 5 | 5.92 | 5.96 |
| $Fe^{2+}$ | $3d^6$ | 4 | 4.90 | 5.3 – 5.5 |
| $Co^{2+}$ | $3d^7$ | 3 | 3.87 | 4.4 – 5.2 |
| $Ni^{2+}$ | $3d^8$ | 2 | 2.84 | 2.9 – 3.4 |
| $Cu^{2+}$ | $3d^9$ | 1 | 1.73 | 1.8 – 2.2 |
| $Zn^{2+}$ | $3d^{10}$ | 0 | 0 | 0 |

उपरोक्त प्रयोगात्मक आंकड़े मुख्यतया विलयन में या ठोस अवस्था में जलयोजित आयनों के लिए दिये गये है।
प्रत्येक अयुग्मित इलेक्ट्रॉन के लिए इसके चक्रण कोणीय संवेग एवम् कक्षीय कोणीय संवेग से संबंधित चुम्बकीय आघूर्ण होता है। प्रथम संक्रमण श्रेणी के यौगिकों में, कक्षीय संवेग अधिक नहीं होता है, इसलिए इनकी कोई सार्थकता नहीं होती है। अतः प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों के लिए, चुम्बकीय आघूर्ण केवल इलेक्ट्रोनों के चक्रण से ही प्राप्त किया जाता है। जिसे निम्न सम्बन्ध से ज्ञात किया जा सकता है।

$$\mu = \sqrt{n(n+2)}\text{B.M}$$

जहाँ n अयुग्मित इलेक्ट्रोनों की संख्या है तथा $\mu$ बोहर मैंग्नेटोन (BM) में चुम्बकीय आघूर्ण है।
किसी भी संक्रमण रेणी में अनुचुम्बकत्व पहले बढ़ता है फिर घटता है। अधिकतम अनुचुम्बकत्व श्रेणी के मध्य में प्रेक्षित होता है (जहाँ अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या होती है।)
अचुम्बकीय एवम् प्रतिचुम्बकीय पदाथों में से, कुछ पदार्थ आयरन धातु, आयरन ऑक्साईड जैसे होते है। जिसका चुम्बकीय गुण बहुत उच्च होता है। (सामान्य धातु से लगभग 1000 गुना अधिक) ये यौगिक चुम्बकीय क्षेत्र के प्रति बहुत प्रबल होते है। तथा जब इन्है। चुम्बकीय क्षेत्र से हटा लेते है तो भी इनमें चुम्बकत्व पाया जाता ह। ऐसे पदार्थों को लौह चुम्बकीय पदार्थ कहते है।

## संकुल का निर्माण :

संक्रमण तत्व बहुत अधिक संख्या में उपसहसंयोजी संकुल बनाते है। संक्रमण धातु आयन इनके संकुलों में ऋणात्मक या उदासीन अणुओं से जुड़े रहते है। सामान्य उदाहरण $[Ni(NH_3)_6]^{2+}$, $[Co(NH_3)_6]^{3+}$, $[Fe(CN)_6]^{3-}$, $[Fe(CN)_6]^{4-}$, $[Cu(NH_3)]^{2+}$, इत्यादि है। संक्रमण धातु की संकुल बनाने की अधिक प्रवृति निम्न के कारण प्रकट होती है।

(i) संक्रमण धातुओं के परमाणु एवम् आयनों का छोटा आकार
(ii) उच्च नाभिकीय आवेश
(iii) लिगैण्ड द्वारा दान किये गये एकांकी इलेक्ट्रॉन युग्म को ग्रहरण करने के लिए उपर्युक्त ऊर्जा के रिक्त d-कक्षकों की उपलब्धता

## अन्तराकाशी यौगिकों का निर्माण :

संक्रमण धातुऐं हाइड्रोजन, बोरॉन, कार्बन एवम् नाइट्रूाजन जैसे तत्वों के साथ अन्तराकाशी यौगिक बनाती है। इन अधात्विक तत्वों (H, B, C,N, इत्यादि) का छोटा आकार होने के कारण से तत्व संक्रमण धातु परमाणुओं के जालकों के रिक्त स्थानों व्यवस्थित रहते है जैसा कि नीचे चित्र में दिर्शाया गया है:




अन्तकाशी यौगिक का निर्माण

ये यौगिक मुख्यतया रसमीकरणमितीय यौगिक है तथा ये ना तो आयनिक होते है। और ना ही उपसहसंयोजी यौगिक होते है। संक्रमण धातुओं अन्तराकाशी यौगिकों के समान्य उदाहरण TiC, $Mn_4N$, $Fe_3H$, $TiH_2$ इत्यादि है। यह ध्यान देने योग्य है कि इनके सूत्र का धातु की किसी भी सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था से कोई सम्बन्ध नहीं होता है। साधारण तौर पर, अरससमीकरणमितीय पदार्थ से $TiH_{1.7}$, $VH_{0.56}$, संगठन वाले यौगिक ही प्राप्त किये जाते है। इनके संगठन की इस प्रकृति के कारण, ये यौगिक **अन्तराकाशी यौगिक** कहलाते है।

अन्तराकाशी स्थान रिक्तियाँ भर जाने से, संक्रमण धातुऐं दृढ़ एवम् कठोर हो जाती है। इन अन्तराकाशी यौगिकों के रासायनिक गुण पैतृक पदार्थ के समान ही होते है लेकिन इनके भौतिक गुणों जैसे घनत्व, कठोरता तथा चालकता इत्यादि में विभिन्नताऐं होती है। उदाहरणार्थ, इस्पात (स्टील) एवम् ढलवाँ लौहा दोनों ही कठोर होते है। लेकिन ये कार्बन के साथ अन्तराकाशी यौगिक बनाते है। क्रिस्टलीकृत धातु में स्थित परमाणुओं के मध्य रिक्त स्थान के कारण संक्रमण धातुओं में छोटे अघात्विक परमाणु भी सरलापूर्व व्यवस्थित हो जाते है। ये स्थान इनकी दोषपूर्ण संरचना के कारण पाये जाते है तथा जिनकी परिवर्तनशील परिवर्तशील ऑक्सीकरण अवस्थायें होती है।

इन यौगिकों के भौतिक एक रासायनिक गुणधर्मी के सामान्य अभिलक्षण निम्न है :

(i) इनमें गलनांक बहुत उच्च होते है जो कि इनकी शुद्ध धातु से भी अपेक्षाकृत अधिक होते है।
(ii) इनकी धात्विक चालकता बहुत अधिक होती है अर्थात शुद्ध धातु से अधिक
(iii) ये बहुत कठोर होते है। कुछ बोराईड तो डायमण्ड के समान अत्यन्त कठोर होते है।
(iv) ये रासायनिक रूप से निष्क्रिय होते है।

## उत्प्रेरकीय गुणधर्म :

अधिकांश संक्रमण धातुयें तथा इनके यौगिक विभिन्न रासायनिक अभिक्रियाओं में अच्छे उत्प्रेरक की भांति कार्य करते है। इनमें से Fe, Co, Ni, V, Cr, Mn, Pt, इत्यादि बहुत सामान्य संक्रमण धातुयें। जिनका उपयोग उत्प्रेरक की भांति किया जाता है। उदाहरणार्थ,

(i) आयरन–मोलिब्डेनम का उपयोग हेबर प्रक्रम में अमोनिया संश्लेषण के लिए किया जाता है।
(ii) निकल का उपयोग कार्बनिक रसायन अभिक्रियाओं में हाइड्रोजनीकरण के लिए किया जाता है।
(iii) $H_2SO_4$ निर्माण के दौरान सम्पर्क प्रक्रिया में $V_2O_5$ का उपयोग $SO_2$ का $SO_3$ में ऑक्सीकरण करने के लिए जाता है।
(iv) $MnO_2$ का उपयोग $H_2O_2$ विलयन के विघटन में उत्प्रेरक की भांति करते है।
(v) कोबाल्ट लवण का उपयोग विरंजक चूर्ण के विघटन में उत्प्रेरक की भांति करते है।

(i) संक्रमण धातुओं का उत्प्रेरकीय गुणधर्म उपर्युक्त अभिकर्मक सहित अभिक्रिया मध्यवर्ती बनाने की इनकी प्रवृति के कारण प्राप्त होता है। ये मध्यवर्ती अभिक्रिया पथ को निम्नतर सक्रियण ऊर्जा प्रदान करते है। जिसके परिमणामस्वरूप अभिक्रिया की दर बढ़ जाती है। ये अभिक्रिया मध्यवर्ती सरलतापूर्वक विघटित होकर उत्पाद देते है। तथा मूलभूत पदार्थ का निर्माण पुनः हो जाता है। रिक्त कक्षकों की उपस्थिति या परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था निर्माण की इनकी प्रवृति के कारण संक्रमण धातुऐं अभिक्रिया मध्यवर्ती बनाती है।

(ii) कुछ स्थितियों में, संक्रमण धातु उत्प्रेरक अभिकारक को अवशोषण के लिए एक बड़ा पृष्ठ क्षेत्रफल प्रदान करती है। इसके उत्प्रेरक पृष्ठ पर अभिकारकों की सान्द्रता बढ़ जाती है तथा अभिकारक अणुओं में दुर्बलतम बंध भी बन जाते है। इसी प्रकार से, सक्रियण ऊर्जा कम हो जाती है। उदाहरणार्थ, $SO_2$ को $SO_3$ में परिवर्तित करते समय $V_2O_5$ का उपयोग उत्प्रेरक के रूप में करते है। ठोस $V_2O_5$ पृष्ठ पर $SO_2$ अणु अवशोषित करके $V_2O_4$ बनाता है तथा इनके बाद यह $SO_2$ को एक ऑक्सीजन परमाणु देकर $SO_3$ बनाता है। इस दौरान बनने वाला डाईवैनेडियम टेट्रॉक्साईड ऑक्सीजन के साथ क्रिया करके $V_2O_5$ पुनः बना लेता है।

$V_2O_5 + SO_2$ (उत्प्रेरक) $\longrightarrow SO_3 + V_2O_4$ (डाईवैनेडियम ट्राईऑसाइड)

$2V_2O_4 + O_2 \longrightarrow 2V_2O_5$

(iii) कुछ स्थितियों में तो, संक्रमण धातु आयन की ऑक्सीकरण अवस्थाओं में परिवर्तन हो जाता है। जिससे ये अधिक प्रभावशाली उत्प्रेरक की भांति कार्य करने लग जाती है। उदाहरण के लिए, कोबाल्ट लवण का उपयोग विरंजक चूर्ण के विघटन में उत्प्रेरक की भांति करते है। क्योंकि कोबाल्ट आसनी से +2 अवस्था से +3 ऑक्सीकरण अवस्था में परिवर्तित हो जाता है।

$Co^{2+} OCl^- + H_2O \longrightarrow Co^{3+} + Cl^- + 2OH^-$

$2Co^{3+} + 2OH^- \longrightarrow 2Co^{2+} + H_2O + ½O_2$

आयरन (III) का उपयोग भी आयोडाईड एवम् परसल्फेट आयन ($S_2O_8^{2-}$) के मध्य अभिक्रिया में उत्प्रेरक की भांति करते हैं।

## मिश्र धातु निर्माण :

मिश्रधातु समजात ठोस विलयन होता है जिसमें एक धातु के परमाणु दूसरी धातु के परमाणुओं के मध्य अनियमित रूप से वितरित रहते है। सामान्यतः मिश्रधातुऐं उन परमाणुओं द्वारा बनती है जिनकी धात्विक त्रिज्या एक दूसरे लगभग 15% होती है। संक्रमण धातुऐं अधिक संख्या में मिश्र धातुऐं बनाती है। संक्रमण धातुओं का लगभग समान परमाणु आकार होता है। अतः जालक में उपस्थित धातु परमाणु एक दूसरे को प्रतिस्थापित कर देते है। इसी प्रकार से, दो या दो से अधिक संक्रमण धातुओं के मिश्रण को ठण्डा करने पर, ठोस मिश्र धातु बनती है। ऐसी मिश्र धातु कठोर होती है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार की स्टील एवम् स्टेनलैस स्टील निर्माण में किया जाता है। इस प्रकार की मिश्रधातु कठोर, उच्च गलनांक वाली होती है तथा पैतृक धातु की तुलना में संक्षारण में प्रति अधिक प्रतिरोधी होती है।
उदाहरणार्थ, र्सावाधिक सामान्य ज्ञात मिश्र धातु फैरम मिश्र धातुऐं है। क्रोमियम, मैग्नीज, वैनेडियम, टंगस्टन, मोलिब्डेनम इत्यादि का उपयोग विभिन्न प्रकार की स्टील एवम् स्टैनलैसे स्टील के उत्पादन में किया जाता है। ऐसी संक्रमण धातुओं की मिश्र धातु जिसमें ब्रोन्ज (कॉपर–टीन) ब्रास (कॉपर–जिंक) सदृष्य अन्–संकरण धातु विद्यमान है।, वे भी व्यवसायिक तौर पर अधिक महत्वपूर्ण मिश्रधातु होती है।




**चित्र. मिश्रधातु का निर्माण**

## प्रथम संक्रमण के तत्वों के कुछ गुणधर्म

| तत्व | | Sc | Ti | V | Cr | Mn | Fe | Co | Ni | Cu | Zn |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परमाणु क्रमांक | | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| परमाण्वीय क्रमांक की ऊष्मा/ kJ mol-1 | | 326 | 473 | 575 | 397 | 281 | 416 | 425 | 430 | 339 | 126 |
| आयनन एन्थैल्पी /kJ mol-1 | I | 631 | 656 | 650 | 653 | 717 | 762 | 758 | 736 | 745 | 906 |
| | II | 1235 | 1309 | 1414 | 1592 | 1509 | 1561 | 1644 | 1752 | 1958 | 1734 |
| | III | 2993 | 2657 | 2833 | 2990 | 3260 | 2962 | 3243 | 3402 | 3556 | 3829 |
| R / pm | M | 164 | 147 | 135 | 129 | 137 | 126 | 125 | 125 | 128 | 137 |
| | $M^{2+}$ | | | 79 | 82 | 82 | 77 | 74 | 70 | 73 | 75 |
| | $M^{3+}$ | 73 | 67 | 64 | 62 | 65 | 65 | 61 | 60 | - | - |
| $E^{\ominus}$ / V | $M^{2+}/m$ | - | - | -1.18 | -0.90 | -1.18 | -0.44 | -0.28 | -0.25 | +0.34 | -0.76 |
| | $M^{3+}/M^{2+}$ | - | - | -0.26 | -0.41 | +1.57 | +0.77 | +1.97 | - | - | - |
| घनत्व / g cm-3 | | 3.43 | 4.1 | 6.07 | 7.19 | 7.21 | 7.8 | 8.7 | 8.9 | 8.9 | 7.1 |

## कुछ महत्वपूर्ण d-ब्लॉक के यौगिकों के विरचन तथा गुण :

**[A] आयरन के यौगिक**

- फेरम सल्फेट **$FeSO_4 . 7H_2O$** (ग्रीन विट्रिऑल) इसको सामान्यतः हरा कसीस कहते है।
- **विचरन**
  (i) स्क्रेप आयन के द्वारा :
  $Fe + H_2SO_4 \longrightarrow FeSO_4 + H_2 \uparrow$
  एल्कोहॉल द्वारा विलयन का क्रिस्टलीकरण
  (ii) कीप अपशिष्ट द्वारा :
  $3FeS_2 + 2H_2O + 11O_2 \longrightarrow 2FeSO_4 + Fe_2(SO_4)_3 + 2H_2SO_4$
  $Fe_2(SO_4)_3 + Fe \longrightarrow 3FeSO_4$
  (iii) $FeCO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow FeSO_4 + H_2O + CO_2$

- **गुणधर्म**

(a) **भौतिकी** : हाइड्रेटेट फेरस सल्फेट हरा क्रिस्टलीय यौगिक है। वायु में खुला छोड़ने पर इसमें उत्फुल्लन (Effloresces) होता है। वायु द्वारा भूरे रंग में परिवर्तित हो जाता है क्योंकि यह वायु द्वारा फेरिक यौगिक में ऑक्सीकृत हो जाता है।

**(b) रासायनिक :**

(i) वायु में खुला छोड़ने पर यह भूरे पीले में बदल जाता है, इसका कारण क्षरीय फेरीक सल्फेट का बनना है।
$4FeSO_4 + 2H_2O + O_2 \longrightarrow 4Fe(OH) . SO_4$ (क्षरीय फेरीक सल्फेट)

(ii) जलयोजन के कारण जलीय विलयन अम्लीय होता है।
$Fe^{2+} + 2H_2O \rightleftharpoons Fe(OH)_2 + 2H^+$

(iii) $FeSO_4. 7H_2O \xrightarrow{140^0C} FeSO_4 . H_2O \xrightarrow{300^0C} 2FeSO_4 \xrightarrow[\text{Temp.}]{\text{High}} Fe_2O_3 + SO_2 \uparrow + SO_3 \uparrow$

(iv) $FeSO_4 + 6KCN \longrightarrow K_4Fe(CN)_6 + K_2SO_4$

(v) अपचायक अभिकर्मक की तरहः
$AuCl_3 + 3FeSO_4 \longrightarrow Au + Fe_2(SO_4)_3 + FeCl_3$
$6HgCl_2 + 6FeSO_4 \longrightarrow 3Hg_2Cl_2 + 2Fe_2(SO_4)_3 + 2FeCl_3$
$MnO_4^- + 8H^+ + 5Fe^{2+} \longrightarrow 5Fe^{3+} + Mn^{2+} + 4H_2O$
$Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6Fe^{3+} \longrightarrow 6Fe^{3+} + 2Cr^{3+} + 7H_2O$

- उपयोग :
  - (i) नीली – काली स्यी बनाने के लिए
  - (ii) रंजक में बंधक के रूप में
  - (iii) कृषि में कीटनाशी
  - (iv) प्रयोगशाला अभिकर्मक "मोहर लवण बनाने में
    $FeSO_4 + (NH_4)_2 SO_4 + 6H_2O) \longrightarrow FeSO_4(NH_4)_2SO_4.6H_2O.$
  - (v) $FeSO_4 + H_2O_2$ जैसे उत्प्रेरक, फेनटोन्स अभिकर्मक से माना जाता है।

## फेरिक ऑक्साइड $Fe_2O_3$ :

- **विरचन :**
  - (i) $2Fe(OH)_3 \xrightarrow{\Delta} Fe_2O_3 + 3H_2O$
  - (ii) $2FesO_4 \Delta\ Fe_2O_3 + SO_2 + SO_3$
  - (iii) $4FeS + 7O_2 \longrightarrow 2Fe_2O_3 + 4SO_2$
- **गुणधर्म**

(a) भौतिकी : यह एक गहरा लाल चूर्ण है, जो जल में अविलेय है।

(b) **रासायनिक :**

(i) $Fe_2O_3 + 2NaOH \xrightarrow{\text{गलन}} H_2O + 2NaFeO_2$

$Fe_2O_3 + 6HCl \longrightarrow 2FeCl_3 + 3H_2O$

$Fe_2O_3 + Na_2CO_3 \longrightarrow 2NaFeO_2 + CO_2$

} वायुमण्डलीय प्रकृति दर्शायेबगा

$NaFeO_2 + Cl_2 + 4NaOH \longrightarrow 2NaFeO_4 + 2NaCl + 2H_2$

$NaOCl, Na_2FeO_4$ में भी ऑक्सीकृत होता है।

(ii) $6Fe_2O_3 \xrightarrow{1300^0 C} 4Fe_3O_4 + O_2$

(iii) $Fe_2O_3 + 3H_2 \longrightarrow 2Fe + 3H_2O$

- **उपयोग :**

(i) लाल वर्णक के रूप में (ii) एक अपघर्षक (abrasive) पालिशिंग पावडर के रूप में (iii) उत्प्रेरक के रूप में

## फेरिक क्लोराइड $FeI_3$ :

- **विरचन :**
  - (i) $12FeCl_2$ (निर्जलीय) $+ 3O_2 \xrightarrow{\Delta} Fe_2O_3 + 8FeCl_3$ (निर्जलीय)
  - (ii) $2Fe + 3Cl_2(dry) \xrightarrow{\Delta} 2FeCl_3$ (निर्जलीय)
  - (iii) $Fe(OH)_3 + 3HCl \longrightarrow FeCl_3 + 3H_2O$
  - (iv) $Fe_2O_3 + 6HCl \longrightarrow 2FeCl_3 + 3H_2O$
  - (v) $Fe_3(CO_3)_3 + 6HCl \longrightarrow 2FeCl_3 + 3H_2O + 3CO_2$
  - (vi) $2Fe + 4HCl + Cl_2 \longrightarrow 2FeCl_3 + 2H_2$

{ विलयन के क्रिस्टलीयकरण पर यह जलयोजित $FeCl_3.6H_2O$ देता है।

- **गुणधर्म**

**(a) भौतिक**

निर्जलीय फेरीक क्लोराइड गहरा काला ठोस होता है। जबकि लीय लवण, $FECl_3 . 6H_2O$ पीला–भूरा (deliquescent) क्रिस्टल ठोस होता है। दोनों जल में साथ ही ईथर में विलये होकर वियेयीत स्पेशीज बनाते है।

$[Fe(H_2O)_4Cl_2]Cl. 2H_2O$ तथा  $\longrightarrow FeCl_3$ क्रमशः



यह $300^0C$ पर विलेय होकर द्विलकीत गैस  देता है।



**(b) रासायनिक :**

(i) $2FeCl_2 \xrightarrow{\Delta} 2\ FeCl_2 + Cl_2$

(ii) जल योजन के कारण जलीय विलयन अम्लीय होता है।

$[Fe(H_2O)_6]^{3+} + H_2O \rightleftharpoons [\ Fe(H_2O)_5(OH)]^{2+} + H_3O^+$

अम्ल क्षार क्षार अम्ल

(iii) ऑक्सीकारी अभिकर्मक की तरह : $2FeCl_3 + SnCl_2 \longrightarrow 2FeCl_2 + SnCl_4$

$2FeCl_3 + H_2S \longrightarrow 2FeCl_2 + 2HCl + S$

$2FeCl_3 + SO_2 + 2H_2O \longrightarrow 2FeCl_2 + H_2SO_4 + 2HCl$

$2FeCl_3 + 2KI \longrightarrow 2\,FeCl_2 + 2KCl + I_2$

(iv) $2[FeCl_3, 6H32O] \xrightarrow{\Delta} Fe_2O_3 + 6HCl + 9H_2O$

(v) $FeCl_3 . 6H_2O + 6SOCl_2 \longrightarrow FeCl_3$ (निर्जलीय) $+ 12HCl + 6SO_2$

(vi) $FeCl_3.6H_2O + 6CH_3 - \underset{\underset{OCH_3}{|}}{\overset{\overset{OCH_3}{|}}{C}} - CH_3 \longrightarrow FeCl_3$ (निर्जलीय) $+ 12CH_3OH + 6CH_3COCH_3$

(vii) $FeCl_3 + 6NH_3 \longrightarrow FeCl_3 . 6NH_3$ ; $FeCl_3 + NOCl \longrightarrow FeCl_3 . NOCl$ (योगात्मक यौगिक)

(viii) $2FeCl_3 + 3Na_2CO_3 + 3H_2O \longrightarrow 2Fe(OH)_3 + 6NaCl + 3CO_2$

● **उपयोग :**

(i) इसका एल्कोहलिक विलयन, टीनचर फैरी परक्लोराइड, दवाई के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

(ii) एसीटेट तथा फीनॉल की पहचान करने के लिए

(iii) प्रुशियन नीला बनाने के लिए तथा ऑक्सीकारक के रूप मे किया जाता है।

## [B] जिंक के यौगिक :

● जिंक ऑकसाइड ZnO (चाइनीज सफेद या फलोस्फर वुल) यह प्रकृति में जिंकाइट या लाल जिंक अयस्क के रूप में पाया जाता है।

● **विरचन :**

(i) $2Zn + O_2 \longrightarrow 2ZnO$ (ii) $ZnCO_3 \xrightarrow{\Delta} ZnO + CO_2$

(iii) $2Zn(NO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} 2ZnO + 4NO_2 + O_2$ (iv) $Zn(OH)_2 \xrightarrow{\Delta} ZnO + H_2O$

● **गुणधर्म :**

**(a) भौतिकी** : यह सफेद चूर्ण गर्म करने पर पीला पड़ जाता है तथा ठण्डा करने पर पुनः सफेद हो जाता है तथा जल में अविलेय होता है। 400.0C पर इसका उर्ध्वपातन होता है।

**(b) रासायनिक** :

(i) इसकी प्रकृति उभयधर्मी होती है।

$ZnO + H_2SO_4 \longrightarrow ZnSO_4 + H_2O$

$ZnO + 2NaOH \longrightarrow Na_2ZnO_2 + H_2O$

(ii) $ZnO + H_2 \xrightarrow[400^0C]{\Delta} Zn + H_2O$

● **उपयोग :**

(i) जैसे सफेद पेन्ट के रूप में (यह $H_2S$ की उपस्थिति में गंदला नहीं होता है। क्योकि ZnS भी सफेद होता है)

(ii) रिनमान हरा तैयार करने के लिए (हरा पेंट)

(iii) मेथिल एल्कोहल के विरचन में उत्प्रेरक के रूप में

(iv) मुलायम रबर बनाने के लिऐ

(v) कास्मेटिक (सौन्द्रयीकरण) पावडर, क्रीम तथा दवाइयाँ बनाने के लिए

● **जिंक, $ZnSO_4 . 7H_2O$ (सफेद विट्रीऑल)**

(i) $Zn + H_2SO_4 \longrightarrow ZnSO_4 + H_2$

(ii) $ZnO + H_2SO_4 \longrightarrow ZnSO_4 + H_2O$

(iii) $ZnCO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow ZnSO_4 + H_2O + CO_2$

● **गुणधर्म**

**(a) भौतिक**

यह रंगहीन, जल में विलेय क्रिस्टलीय ठोस है। जब इसे वायु में खुला छोड़ते है, तो यह उत्तफुल्लित होते है। यह इपसम लवण ($MgSO_4 . 7H_2O$) के साथ समाकृतिक है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

**(b) रासायनिक**

(i) $ZnSO_4 + 2NaOH \longrightarrow Zn(OH)_2 \downarrow$ (सफेद) $+ Na_2SO_4$

(ii) $Zn(OH)_2 + 2NaOH \longrightarrow Za_2ZnO_2$ (विलेय संकुल) $+ 2H_2O$

(iii) $ZnSO_4 + 2NaHCO_3 \longrightarrow ZnCO_3 + Na_2SO_4 + H_2O + CO_2$

(iv) $ZnSO_4.\ 7H_2O \xrightarrow{100^0C} ZnSO_4.\ 6H_2O \xrightarrow{280^0C} ZNSO_4 \xrightarrow{800^0C} ZnO + SO_3$

- **उपयोग** (i) आँखों के लोशन (eye lotion) के रूप में
  (ii) लिथोपोन (सफेद पेन्ट) बनाने के लिए
  (iii) रंगाई में (dyeing) रंजक (mordant) के रूप में

- **जिंक क्लोराइड ($ZnCl_2 . 2H_2O$)%**

- **विरचन :**

इसे तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में जिंक ऑक्साइड, कार्बोनेट अथवा हाइड्राक्साइड को विलेय करके बनाया जाता है।

$ZnO + 2HCl \longrightarrow ZnCl_3 + H_2O$

इससे प्राप्त सान्द्रित विलयन को ठण्डा करने पर $ZnCl_2 . 2H_2O$ के क्रिस्टल प्राप्त होता है। निर्जलीकृत जिंक क्लोराइड केवल $ZnCl_2 . 2H_2O$ के क्रिस्टल को गर्म करके तैयार नहीं किया जा सकता है क्योंकि एक क्षारीय क्लोराइड Zn(OH)Cl विघटन के दौरान बनता है जो कि आगे गर्म करने पर ZnO देता है।

$ZnCl_2.2H_2O \longrightarrow Zn(OH)Cl + HCl + H_2O$

$Zn(OH)Cl \longrightarrow ZnO + HCl$

अतः निर्जलीय जिंक क्लोराइड को या तो क्लोरीन गैस के प्रवाह में जिंक को गर्म करके अथवा जिंक चूर्ण एवम् मरक्यूरिक क्लोराइड के मिश्रण को आसवित करके प्राप्त किया जाता है।

$Zn + Cl_2 \xrightarrow{\Delta} ZnCl_2$

$Zn + HgCl_2 \longrightarrow ZnCl_2 + Hg$

- **गुण :**

यह एक श्वते क्रिस्टलीय ठोस है, आर्द्रताग्राही (deliquescent) एवं जल में विलेय है। गर्म करने पर यह ऑक्सी क्लोराइड बनाता है। तथा अनत में ऑक्साईड बनाता है। इसका सान्द्रित विलयन एक कठोर द्रव्यमान में परिवर्तित हो जाता है जब इस जिंक ऑक्साइड के साथ मिश्रित किया जाता है एक उत्पाद के दाँतों के छिद्रों को (dental filling) भरने के काम में लेते है।

## [C] कॉपर के यौगिक :

- **कॉपर – सल्फेट, $CuSO_4 . 5H_2O$ (ब्ल्यू विट्रियाल) इसे नीला थोथा भी कहते है।**
- **विचरन :**

(i) $CuO + H_2SO_4 \longrightarrow CuSO_4 + H_2O$

(ii) $Cu(OH)_2 + H_2SO_4 \longrightarrow CuSO_4 + 2H_2O$

(iii) $Cu + H_2SO_4 + \frac{1}{2} O_2 \longrightarrow \frac{1}{2} CuSO_4 + H_2O$

(iv) $CuCo_3.Cu(OH)_2 + 2H_2SO_4 \longrightarrow 2cuSO_4 + 3H_2O + CO_2 \uparrow$

- **गुण :**

**(a) भौतिकः** यह नीला क्रिस्टलीय यौगिक है जो जल में विलेय है।

**(b) रासायनिक :**

(i) $CuSO_4 + 2NaOH \longrightarrow Cu(OH)_2 + Na_2SO_4$

(ii) $2CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O + 2KI\ \ CuI_2 + 2H_2SO_4 + K_2SO_4$

$2CuSO_4 + 2FeSO_4 + 2kI \longrightarrow Cu_2\ I_2 + Fe(SO_4)_3 + K_2SO_4$

(iii) $CuSO_4 + Fe \longrightarrow Cu + FeSO_4$

(iv) $CuSO_4 + Zn \longrightarrow Cu + ZnSO_4$

(v) $2CuSO_4 + 2KSCN + SO_2 + 2H_2O \longrightarrow 2CuSCN \downarrow$ (white) $+ K_2SO_4 + 2H_2SO_4$

(vi) $CuSO_4.5H_2O \xrightarrow[\text{उत्फुल्लन}]{\text{वायु}} CuSO_4.3H_2O \xrightarrow{100^0C} CuSO_4.H_2O \xrightarrow{250^0C} CuSO_4 \xrightarrow{750^0C} CuO + SO_2 + O_2$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

- उपयोग :

(i) अन्य कॉपर यौगिकों को बनाने के लिए
(ii) वैद्युत लेपन, वैद्युत टाइंपिंग के लिए, तथा रंगाई में रंजक (mordant) क रूप में
(iii) कृषि में कीटनाशक एवम जीवाणु नाशक के रूप में
(iv) फेहलिंग विलयन बनाने में,
(v) दवाईयों में एण्टीसेप्टिक (पूर्तिरोधी) के रूप में
(vi) वैद्युत बैटरी में,
(vii) बोर्डेक्स मिश्रण बनाने में

- **क्यूप्रिक ऑक्साइड, CuO**

यह कॉफर का काला ऑक्साइड कहलाता है तथा प्रकृति में टेनोराइट के रूप में प्राप्त होता है।

- **विरचन :**

यह निम्न से बनाया जाता है।

(i) वायु में $Cu_2O$ को गर्म करके अथवा वायु में कॉपर को लम्बे समय तक गर्म करके (ताप $1100^0C$ के ऊपर नहीं बढ़ना चाहिए)

$$2Cu_2O + O_2 \longrightarrow 4CuO$$

$$2Cu + O_2 \longrightarrow 2CuO$$

(ii) $Cu(OH)_2 \xrightarrow{\Delta} CuO + H_2O$

(iii) $2Cu(NO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} 2CuO + 4NO_2 + O_2$

(iv) व्यवसायिक पैमाने पर यह प्रकृति में पाये जाने वाले मैलेकाइट को गर्म करके प्राप्त होता है।

$$CuCO_3 . Cu(OH)_2 \longrightarrow 2CuO + CO_2 + H_2O$$

- **गुण**

**(a) भौतिक** : यह एक काला चूर्ण है जो कि जल में अविलेय है तथा मध्य ताप (moderate heating) पर स्थिायी होता है। जिसे मध्यम गर्म करने पर स्थायी रहता है।

**(b) रासायनिक** :

(i) अम्ल HCl में विलेय आक्साइड $HNO_3$ के $H_2SO_4$ से संबंधित बने लवण है।

$$CuO + 2H^+ \longrightarrow Cu^{2+} + H_2O$$

(ii) जब 1100 - $1200^0$ C पर गर्म करते है, तो यह ऑक्सीजन मुक्त करके क्युप्रस ऑक्साइड में बदल जाता है।

$$4CuO \longrightarrow 2Cu_2O + O_2$$

(iii) यह अपचायक अभिकर्मक जैसे हाइड्रोजन कार्बन तथा कार्बन मोनोऑक्साइड द्वारा अपचयित हो धात्विक कॉपर में बदलता है।

$$CuO + H_2 \longrightarrow Cu + H_2O$$

- **क्यूप्रिक क्लोराइड, $CuCl_2 . 2H_2O$**

- **विरचनः**

(i) धातु अथवा क्यूप्रिक ऑकसाइड अथवा क्यूप्रिक हाइड्राक्साइड अथवा कॉपर कार्बोनेट सान्द्र HCl में घोला जाता है। परिणामी विलयन क्रिस्टलीकरण पर जलयोजित क्यूप्रिक क्लोराइड के हरे क्रिस्टल देता है।

$$2cu + 4HCl + O_2 \longrightarrow 2CuCl_2 + 2H_2O$$

$$CuO + 2HCl \longrightarrow CuCl_2 + H_2O$$

$$Cu(OH)_2CuCO_3 + 4HCl \longrightarrow 2CuCl_2 + 3H_2O + CO_2$$

(ii) जब कॉपर धातु को क्लोरीन गैसे के आधिक्य में गर्म किया जाता है अथवा $150^0C$ पर HCl गैस में जलयोजित क्यूप्रिक क्लोराइड को गर्म किया जाता है तो निर्जलीय क्यूप्रिक क्लोराइड एक गहरे भूरे द्रव्यमान के रूप में प्राप्त होता है।

$$Cu + Cl_2 \longrightarrow CuCl_2$$

$$CuCl_2 . 2H_2O \xrightarrow[\text{HCl gas}]{150^0C} CuSl_2 + 2H_2O$$

- **गुण**

**(a) भौतिक :**

यह एक आर्द्रताग्राही यौगिक है एवं जल में आसानी से विलेय है। इनका तनु विलयन नीला होता है जबकि सान्द्रित विलयन हरा होता है। जब सान्द्र HCl मिलाया जाता है तो यह पीले रंग में बदल जाता है। नीला रंग धनायन संकुल $[Cu(H_2O)_4]^{2+}$ के तथा पीला रंग ऋणायन संकुल $[Cucl_4]^{2-}$ के कारण होता है तथा इन दोनों की उपस्थिति में इसका रंग हरा होता है।

**(b) रासायनिक:**

(i) जलीय विलयन, इसके जल–अपघटन के कारण अम्लीय होता है।

$$CuCl_2 + 2H_2O \rightleftharpoons Cu(OH)_2 + 2HCl$$

(ii) गर्म करने पर निर्जलीय लवण $Cu_2Cl_2$ एवं $Cl_2$ बनाता है।

$$2CuCl_2 \longrightarrow Cu_2Cl_2 + Cl_2$$

$$3CuCl_2.2H_2O \xrightarrow[\text{प्रबल}]{\Delta} CuO + Cu_2Cl_2 + 2HCl + Cl_2 + 5H_2O$$

(iii) इसको $Cu_2Cl_2$ में कॉपर के टुकड़े अथवा सल्फर डाइऑक्साइड गैस अथवा नवजात हाइड्रोजन द्वारा (HCl पर Zn की क्रिया से उत्पन्न) या $SnXl_2$ द्वारा आसानी से अपचयित किया जाता है।

$$CuCl_2 + Cu \longrightarrow Cu_2Cl_2$$

$$2CuCl_2 + SO_2 + 2H_2O \longrightarrow Cu_2Cl_2 + 2HCl + H_2SO_4$$

$$2CuCl_2 + 2H \longrightarrow Cu_2Cl_2 + 2HCl$$

$$2CuCl_2 + SnCl_2 \longrightarrow Cu_2Cl_2 + SnCl_4$$

(iv) जब NaOH को मिलाया जाता है, तब एक क्षारीय क्यूप्रिक क्लोराइड $CuSl_2.3Cu(OH)_2$ का हल्का नीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$CuCl_2 + 2NaOH \longrightarrow Cu(OH)_2 + 2NaCl$$

$$CuCl_2 + 3Cu(OH)_2 \longrightarrow cuCl_2 . 3Cu(OH)_2\downarrow$$

यह अमोनियम हाइड्राक्साइड में घुलकर एक गहरा नीला विलयन बनता है। इस विलयन के वाष्पन करने पर टेट्रा एम्मीन क्यूप्रिक क्लोराइड के गहरे नीलं रंग के क्रिस्टल प्राप्त होते है।

$$CiCl_2 + 4NH_4OH \longrightarrow Cu(NH_3)_4Cl_2.H_2O + 3H_2O$$

## [D] सिल्वर के यौगिक :

- **सिल्वर नाइट्रेट, $AgNo_2$ (लूनार कास्टिक):**

  सिल्वर नाइट्रेट, सिल्वर का सबसे सामान्य एवं मुख्य लवण है।

- **विरचन:**

  इसे तनु नाइथ्ट्रिक अम्ल के साथ सिल्वर को गर्म करके बनाया जाता है। जब विलयन का सान्द्रण व ठण्डा किया जाता है तब सिल्वर नाइट्रेट के क्रिसटल पृथक हो जाते है।

$$3Ag + 4HNO_3 \xrightarrow{\text{गर्म करने पर}} 3AgNO_4 + NO + 2H_2O$$

- **गुण :**

**(a) भौतिक :**

यह जल एवं एल्कोहॉल में विलेय है तथा एक रंगहीन क्रिस्टलीय यौगिक है। यह $212^0C$ पर गलनीय है।

**(b) रासायनिक :**

(i) कार्बनिक पदार्थ के सम्पर्क में आने से इसका काला रंग विघटित होकर धात्विक सिल्वर रंग बनाता है। अतः जब यह त्वचा एवं कपड़ों के सम्पर्क में आता है तो काले धब्बे छोड़ता है। यह प्रकाश द्वारा भी विघटित हो जाता है तथा इसलिए इसे रंगीन बोतलों में रखा जाता है।

(ii) इसके गलनांक से ऊपर गर्म करने पर यह सिल्वर नाइट्राइट एवं ऑक्सीजन में विघटित हो जाता है।

$$2AgNO_3 \longrightarrow 2AgNO_2 + O_2$$

जब इसे लाल तृप्त गर्म करते है। तो यह धात्विक सिल्वर देता है।

$$2AgNO_3 \longrightarrow 2Ag + 1NO_3 + O_2$$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

(iii) हैलाइड, फास्फेट, सल्फाइड, क्रोमेट, थायोसायनेट, सल्फेट तथा थायो सल्फेट के विलयन आदि सिल्वर नाइट्रेट विलयन के साथ संगत सिल्वर लवण का अवक्षेप देते है।

$AgNO_3 + NaCl \longrightarrow AgCl \downarrow$ (श्वेत) $+ NaNO_3$

$AgNO_3 + NaBr \longrightarrow AgBr \downarrow$ (पीला) $+ NaNO_3$

$AgNO_3 + NaI \longrightarrow AgI \downarrow$ (ईट जैसा लाल) $+ NaNO_3$

$3AgNO_3 + Na_3PO_4 \longrightarrow Ag_3PO_4\downarrow$ (पीला) $+ 3NaNO_3$

$2AgNO_3 + Na_2S \longrightarrow Ag_2S \downarrow$ (काला) $+ 2NaNO_3$

$2AgNO_3 + K_2CrO_4 \longrightarrow Ag_2CrO_4 \downarrow$ (ईट समान लाल) $+ 2KNO_3$

$AgNO_3 + NaCNS \longrightarrow AgCNS \downarrow$ (सफेद) $+ NaNO_3$

$2AgNO_3 + Na_2SO_4 \longrightarrow Ag_2SO_4 \downarrow$ (सफेद) $+ 2NaNO_3$

$2AgNO_3 + BaCl_2 \longrightarrow 2AgCl \downarrow$ (सफेद) $+ Ba(NO_3)_2$

$2AgNO_3 + Na_2S_2O_3 \longrightarrow Ag_2S_2O_3 \downarrow$ (सफेद) $+ 2NaNO_3$

$Ag_2S_2O_3 + H_2O \longrightarrow Ag_2S \downarrow$ (काला) $+ H_2SO_4$ (जलअपघटन)

(iv) ठोस $AgNO_3$ अमोनिया गैस अवशोषित करके एक यौगात्मक यौगिक $AgNO_3.3NH_3$ बनाता है।
जब $NH_4OH$ को सिल्वर नाइट्रेट विलयन के साथ मिलाया जाता है तो सिल्वर आक्साइड का एक भूरा अवक्षेप प्राप्त होता है, जो अमोनिया के आधिक्य में घुलकर एक संकुल लवण बनाता है।

$$2AgNO_3 + 2NH_4OH \longrightarrow Ag_2O + 2NH_4NO_3 + H_2O$$

$$Ag_2O + 2NH_4NO_3 + 2NH_4OH \longrightarrow 2[Ag(NH_3)_2]NO_3 + 3H_2O$$

(v) $AgNO_3$ का अमोनीकृत विलयन एसिटिलीन के साथ क्रिया कर श्वेत यौगिक बनाता है।

$$2AgNO_3 + 2NH_4OH + C_2H_2 \longrightarrow \underset{\text{सोडियम एसिटिलाइड}}{AgC_2 \downarrow} + 2NH_4NO_3 + 2H_2O$$

(vi) अमोनिकृत सिल्वर नाइट्रेट को टोलेन अभिकर्मक कहते है। इसका उपयोग अपचायक शर्करा एल्डिहाइडों को पहचाने में करते है।

$$RCHO + 2Ag^+ + 3OH^- \xrightarrow{\Delta} RCOO^- + 2Ag\downarrow + 2H_2O$$

इसे अपचायक शर्करा और एल्डिहाइडों का ''सिल्वर मिरर'' परीक्षण कहते है।

$$Ag_2O + HCHO \longrightarrow 2Ag + HCOOH$$

$$Ag_2O + C_6H_{12}O_6 \longrightarrow 2Ag + C_6H_{12}O_7$$

(vii) $AgNO_3$ की आयोडिन के साथ क्रिया

(a) $6AgNO_3$ (आधिक्य) $+ 3I_2 + 3H_2O \longrightarrow AgIO_3 + 5AgI + 6HNO_3$

(b) $5AgNO_3 + 3I_2$ (आधिक्य) $+ 3H_2O \longrightarrow HIO_3 + 5AgI + 5HNO_3$

(viii) एक जलीय सिल्वर नाइट्रेट विलयन से क्षार धातु द्वारा, सिल्वर तेजल से विस्थापित होता है, यदि कुछ अम्लीय ळे।

$$2AgNO_3 + Cu \longrightarrow 2Ag + Cu(NO_3)_2$$

$$2AgNO_3 + Zn \longrightarrow 2Ag + Zn(NO_3)_2$$

(ix) फोस्फीन, आर्सिन तथा स्टाईबीन सभी सिल्वर नाइट्रेट विलयन से सिल्वर अवक्षेपित कर सकते है।

$$PH_3 + 6AgNO_3 + 3H_2O \longrightarrow 6Ag + 6HNO_3 + H_3PO_3$$

$$AsH_3 + 6AgNO_3 + 3H_2O \longrightarrow 6Ag + 6HNO_3 + H_3AsO_3$$

(x) कार्बनिक ऊतकों पर प्रभावी corrosive action करता है, जो कि प्रकाश की उपस्थिति में काला हो जाता है। ऊतक के अपचयन द्वारा काला धात्विक सिल्वर में विभाजित हो जाता है।

● **उपयोग :**

(i) इसे विभिन्न अम्लीय मूलक विशेषकर क्लोराइड, ब्रोमाइड तथा आयोडाइड को पहचानने के लिए प्रयोगशाला अभिकर्मक के रूप में काम लेते है। अमोनीकृत सिल्वर नाइट्रेट अर्थात टॉलेन अभिकर्मक कार्बनिक रसायन में एल्डिहाइड, अपचयित शर्करा इत्यादि के परीक्षण के लिए काम में लेते है।

(ii) सिल्वर नाइट्रेट को सिल्वर बनाने के लिए काम में लेते है। जो कि फोटोग्राफी में काम में लिया जाता है।

(iii) इसका उपयोग स्याही तथा बालों के रंजक बनाने के काम में लिया जाता है।

(iv) यह बड़े रूप से रजत दर्पण के विरचन में काम आता है। एक साफ काँच के पृष्ठ पर सिल्वर की पतली एवं सममित परत के निक्षेपण का प्रक्रम, दर्पण का रजतीकरण कहलाता है। यह दृश्य काँच, अवतल दर्पण तथा परावर्तित सतह को बनाने के काम आते है। यह प्रक्रम अमोनिकृत सिल्वर नाइट्रेट विलयन का HCHO जैसे कुछ अपचायकों के द्वारा अपचयन पर आधारित है। सिल्वर फिल्म जो काँच पर निक्षेपित की जाती है, इस पर पहले वार्निश की पतर चढ़ाई जाती है तथा अंत में खरोच से बचाने के लिए लाल सीसे (red lead) की परत चढ़ायी जाती है।

- **सिल्वर ऑक्साइड ($Ag_2O$) :**
  - **विरचन :**

    इसे सोडियम हाइड्रोक्साइड विलयन को सिल्वर नाइट्रेट विलयन में मिलाकर भूरे ठोस के रूप में बनाते है।

$$2AgNO_3 + 2NaOH \longrightarrow [2AgOH] \longrightarrow Ag_2O \downarrow + H_2O$$

  - **गुण:**

    भूरा ठोस जल में तीव्रता से विलेय

(i) गर्म करने पर $160^0$ पर विघटित होकर ऑक्सीजन मुक्त करके काला धात्विक सिल्वर देता है।

$$2Ag_3O \xrightarrow{\Delta} 4Ag + O_2\uparrow$$

(ii) इसे हाइड्रोजन द्वारा गर्म करने पर धातु में अपचयीत हो जाता है।

$$Ag_2O + H_2 \xrightarrow{\Delta} 2Ag + H_2O$$

(iii) जलीय विलयन प्रबल क्षार है और विलयन AgOH की तरह व्यवहार करता है। नम सिल्वर ऑक्साइड एल्काइल हैलाइड को एल्कोहॉल में जल योजित कर देता है।

$$C_2H_5Br + AgOH \longrightarrow C_2H_5OH + AgBr$$

(iv) एल्काइल हैलाइड के मिश्रण का सिल्वर ऑक्साइड के साथ शुष्क आसवन से ईथर बनता है।

$$2C_2H_5Br + Ag_2O \xrightarrow{\Delta} C_2H_5 - O - C_2H_5 + 2AgBr$$

  - **उपयोग :**
    - एल्डीहाइड, फार्मीक अम्ल और टर्मीनल एल्काइन को पहचानने के लिये टॉलेल अभिकर्मक की तरह कार्य करता है।
    - काँच के निर्माण में प्रयुक्त।

फोटो ग्राफिक नेगेटिव/पोजेटिव के बनने के दौरान होने वाली कुछ महत्वपूर्ण अभिक्रियाएँ

खुला छोड़ने पर : $2AgBr(s) \xrightarrow{light} 2Ag + Br_2$

$2AgBr(s) + 2OH^-(aq) + HO-$  $-OH\ (aq) \longrightarrow 2Ag(s) + 2H_2O(\ell) + O=$  $=O + 2Br^-\ (aq)$

हाइड्रोक्विनोल हाइड्रोक्विनॉन

फिकिंसग : $AgBr$ (अनअपचयित) $+ 2S_2O_3^{2-}(a) \longrightarrow [Ag(S_2O_3)_2]^{3-}(aq) + Br^-(aq)$

## [E] पोटेशियम परमैगनेट ($KMnO_4$):

- **विरचन :**

यह परमैगनिक अम्ल का सबसे महत्वपूर्ण तथा सामान्य लवण है। यह पायरोल्यूसाइड अयस्क के द्वारा बनाया जाता है। इसे वायुमण्डलीय ऑक्सीजीन या अन्य ऑक्सीकारक की उपस्थिति में, पायरेलुसाइट का KOH या $K_2CO_3$ के साथ संगलन करके बनाया जाता है। पोटेशियम मैगनेट $K_2MnO_4$ के निर्माण के साथ द्रव्यमान हरा हो जाता है।

$$2MnO_2 + 4KOH + O_2 \longrightarrow 2K_2MnO_4 + 2H_2O$$

$$2MnO_2 + 2K_2CO_3 + O_2 \longrightarrow 2K_2MnO_4 + 2CO_2$$

संगलित द्रव्यमान जल के साथ निष्कर्षित किया जाता है। मैगनेट को परमैगनेट में परिवर्तन के लिए विजयन की अब क्लोरीन अथवा ओजोन अथवा कार्बनडाईऑक्साइड की धारा के साथ क्रिया करायी जाती है।

$$2K_2MnO_4 + Cl_2 \longrightarrow 2KMnO_4 + 2KCl$$

$$2K_2MnO_4 + H_2O + O_3 \longrightarrow 2KMnO_4 + 2KOH + O_2$$

$$3K_2MnO_4 + 2CO_2 \longrightarrow 2KMnO_4 + MnO_2 + 2K_2CO_3$$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

औद्योगिक पैमाने पर इसे $MnO_2$ के साथ KOH को संगलित कर मैंग्नेट के वैद्युत ऑक्सीकरण द्वारा

$$MnO_4^{2-} \text{ (हरा)} \longrightarrow MnO_4^- \text{ (बैंगनी)} + e^-$$

प्रयोगशाला में, मैंग्नीश (II) आयन लवण का परऑक्सोडाइसल्फेट को परमैंग्नेट द्वारा ऑक्सीकृत कर

$$2Mn^{2+} + 5S_2O_8^{2-} + 8H_2O \longrightarrow 2MnO_4^- + 10SO_4^{2-} + 16H^+$$

$MnO_4^{2-}$ तनु क्षारीय में जल तथा अम्लीय विलयन अस्थायी है और विषमानुपातित होकर $MnO_4^-$ तथा $MnO_2$ बनाता है।

$$3MnO_4^{2-} + 4H^+ \longrightarrow 2MnO_4^- + MNO_2 + 2H_2O$$

$$3MnO_4^{2-} + 2H_2O \longrightarrow 2\,MnO_4^- + MnO_2 + 4OH^-$$

- **गुण :**

**(a) भौतिक** : यह जामुनी रंग का क्रिस्टलीय यौगिक है। यह पानी में अधिक विलेय है।

**(b) रासायनिक :**

(i) **ऊष्मा का प्रभाव :**
जब इसे अकेले या क्षार के साथ गर्म किया जाता है तो यह विघटित होकर ऑक्सीजन मुक्त करता है।

$$2KmnO_4 \xrightarrow{\Delta} K_2MnO_4 + MnO_2 + O_2$$

$$K_2MnO_4 \xrightarrow{\text{लाल तृप्त}} K_2MnO_3 + O_2$$

$$4KMnO_4 + 4KOH \xrightarrow{\Delta} 4K_2MnO_4 + 2H_2O + O_2$$

$H_2$ की धारा में गर्म करने पर ठोस $KMnO_4$ . MnO देता है।

$$2KMnO_4 + 5H_2 \xrightarrow{\Delta} 2KOH + 2MNO + 4H_2O$$

(ii) सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ उपचारित करने पर यह परमैगनाइल सल्फेट के पश्चात् मैगनीज हेप्टासाइड बनाता है। जो कि गर्म करने पर विस्फोट के साथ विघटित हो जाती है।

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2KHSO_4 + (MnO_3)_2SO_4 + 2H_2O$$

$$(MnO_3)_2SO_4 + H_2O \longrightarrow Mn_2O_7 + H_2SO_4$$

$$Mn_2O_7 \longrightarrow 2MnO_2 + \frac{3}{2}O_2$$

(iii) पोटेशियम परमेगनेट एक प्रबल ऑक्सीकारक है। सल्फर चारकोल एवं $KMnO_4$ का मिश्रण एक विस्फोट चूर्ण बनाता है।

☞ ऑक्सेलिक अम्ल तथा $KMnO_4$ का मिश्रण कुछ ही सैकण्ड में स्वतः ही आग पकड़ लेता है। ऐसा तब भी होता है जब ग्लिसरील को चूर्णित $KMnO_4$ पर डाला जाता है। पोटेशियम परमैगनेट क्षारीय, उदासीन अथवा अम्लीय विलयन में ऑक्सीकारक की तरह कार्य करता है।

☞ **क्षारीय तथा उदासीन माध्यम :**
प्रबल क्षारीय मध्यम में $KMnO_4$ मैगनेट में अपचयित होता है।

$$2KMnO_4 + 2KOH\ (conc.) \longrightarrow 2K_2\,MnO_4 + H_22O + [O]$$

अथवा

$$e^- + MnO_4^- \longrightarrow MnO_4^{2-}$$

जब कभी यदि विलयन तनु में तब $K_2MNO_4$, भूरे रंग के अवक्षेप के रूप में $MnO_2$ में परिवर्तित हो जाता है।

$$2K_2MnO_4 + 2H_2O \longrightarrow 2MnO_2 + 4KOH + 2[O]$$

or

$$2e^- + 2H_2O + MnO_4^{2-} \longrightarrow MnO_2 + 4OH^-$$

इस तरह का व्यवहार $KMnO_4$ स्वयं के द्वारा उदासीन माध्यम में भी प्रदर्शित किया जाता है।

$$3e^- + 2H_2O + MnO_4^- \longrightarrow MnO_2 + 4OH^-$$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

$KMmO_4$ क्षारीय या उादसीन माध्यम में निम्नलिखित ऑक्सीकारक गुण दर्शाता है।

(a) यह इथीन को ग्लाइकॉल मं ऑक्सीकृत करता है।

$$\begin{matrix} CH_2 \\ \| \\ CH_2 \end{matrix} + H_2O + [O] \longrightarrow \begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix}$$

☞ क्षारीय माध्यम में $KMnO_4$ विलयन को बेयर अभिकर्मक कहते है।

(b) यह आयोडाइड को आयोडेट में ऑक्सीकृत करता है।

$$3e^- + 2H_2O + MnO_4^- \longrightarrow nO_4 + 4OH^- \times [2]$$

$$6OH^- + I^- \longrightarrow IO_3 + 3H_2O + 6e^-$$

$$2MNO_4^- + I^- + H_2O \longrightarrow 2MnO_2 + IO_3^- + 2OH^-$$

(c) $H_2S$ सल्फर में ऑक्सीकृत होता है।

$$2MnO_4^- + 3H_2S \longrightarrow 2MnO_2 + 2OH^- + 2H_2O + 3S$$

(d) मैगनीज सल्फेट, $MnO_2$ में ऑक्सीकृत होता है।

$$2MnO_4 + 3MnSO_4 + 2H_2O \longrightarrow K_2SO_4 + 5MnO_2 + 2H_2SO_4$$

☞ **अम्लीय माध्यम (तनु $H_2SO_4$ की उपस्थिति में) :**

मैगनेस सल्फेट बनता है तथा विलयन रंगहीन हो जाता है।

$$2KMNO_4 + 3H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

अथवा $MnO_4^- + 8H^+ + 5e^- \longrightarrow Mn^{2+} + 4H_2O$

यह माध्यम मात्रात्मक (आयतनात्मक) अनुमापन में प्रयोग होता है। आम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ का तुल्यांक द्रव्यमान $= \dfrac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{5}$ है। अम्लीकृत $KMnO_4$ की ऑक्सीकरण अभिक्रिया Mn(II) आयन द्वारा उत्प्रेरित हो जाती है।

(a) फेरम लवण, फेरिक लवाणों में ऑक्सीकृत होते है।

$$MnO_4^- + 5Fe^{2+} + 8He^+ \longrightarrow 5Fe^{3+} + Mn^{2+} + 4H_2O$$

(b) आयोडीन को, पोटेशियम आयोडाइड से निष्कासित से निष्कासित करते है।

$$2MnO_4^- + 10I^- + 16H^+ \longrightarrow 2Mn^{2+} + 5I_2 + 8H_2O$$

(c) $H_2S$, सल्फडर में ऑक्सीकृत होती है।

$$2MnO_4^- + 16H^+ + 5S^{2-} \longrightarrow 2Mn^{2+} + 8H_2O + 5S$$

(d) $SO_2$, $H_2SO_4$ में ऑक्सीकृत होता है :

$$2MnO_4^- + 5SO_2 + 2H_2O \longrightarrow 5SO_4^{2-} + 2Mn^{2+} + 4H^+$$

(e) नाइट्राइट, नाइट्रेट में ऑक्सीकृत होता है:

$$2MnO_4^- + 5NO_2^- + 6H^+ \longrightarrow 2Mn^{2+} + 3H_2O + 5NO_3^-$$

(f) ऑक्सेलिक अम्ल $CO_2$ में ऑक्सीकृत होता है:

$$2MnO_4^- + 16H^+ + 5C_2O_4^{2-} \longrightarrow 2Mn^{2+} + 8H_2O + 10CO_2$$

(g) यह हाइड्रोजन हैलाइड (HCl, HBr अथवा HI) को $X_2$ (हैलोजन) में ऑक्सीकृत करता है।

$$2MnO_4^- + 16+H^+ + 10X^- \longrightarrow 2Mn^{2+} + 8H_2O + 5X_2$$

• **उपयोग :**

(i) प्रयोगशाला तथा उद्योग में $KMnO_4$ एक ऑक्सीकारक की तरह काम करता है। आयतनात्मक अनुमापन में विलयन के उपयोग से पहले मानकीकृत किया जाता है।

(ii) क्षारीय पोटेशियम परमैगनेट बेयर अभिकर्मक कहलाता है। यह अभिकर्मक रसायन में असंतृप्तता के परीक्षण के लिए काम आता है। $KMnO_4$ को सैकरनी, बेंजोइक अम्ल, एसिटैल्डिहाइड इत्यादि के निर्माण में उपयोग में लेते है।

(iii) $KMnO_4$ के हैलाइडो; सल्फाइटो ; आक्सेलेट इत्यादि के निर्धारण के लिए गुणात्मक विश्लेखण में काम में लेते है।

**[F] पोटेशिमय डाइक्रोमेट ($K_2Cr_2O_7$) : यह एक प्रबल ऑक्सीकारक की भांति व्यवहार करता है।**

- **विरचन :** क्रोमाइट अयस्क को सोडियम कार्बोनेट के साथ परावर्ती भट्टी में वायु के साथ भर्जित किया जाता है।

$$\underset{\text{क्रोमाइट अयस्क}}{4FeO . Cr_2O_3} + 8Na_2CO_3 + 7O_2 \xrightarrow{\text{वायु में भर्जित}} 8Na_2CrO_4 + 2Fe_2O_3 + 8CO_2$$

भर्जित द्रव्यमान को जल के साथ निष्कर्षित किया जताा है जब अविलेय $Fe_2O_3$ को पीछे छोड़ते हुए $Na_2CrO_4$ विलयन में चला जाता है। विलयन को $H_2SO_4$ की मात्रा से उपचारित किया जाता है।

$$2Na_2CrO_4 + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2Cr_2O_7 + Na_2SO_4 + H_2O$$

विलयन सान्द्रित है जब कम विलेयशील $Na_2SO_4$ क्रिस्टल में बदल कर पृथम हो जाता ळै विलयन का आगे से फिर सान्द्रण करने पर हमें $Na_2Ce_2O_7$ के क्रिस्टल प्राप्त होते है। जब $Na_2Cr_2O_7$ के गर्म संतृप्त विलयन को KCl के साथ उपचारित किया जाता है तो $K_2Cr_2O_7$ के लाल–नारंगी क्रिस्टल प्राप्त होते है।

$$Na_2Cr_2O_7 + 2KCl \longrightarrow K_2Cr_2O_7 + 2\ NaCl$$

☞ $K_2Cr_2O_7$ को $Na_2Cr_2O_7$ पर प्राथमिक मानक विलयन के रूप में आयतनात्मक मापन में वरीयता दी जाती है। क्योंकि $Na_2Cr_2O_7$ आर्द्रताग्राही है परन्तु $H_2Cr_2O_7$ नहीं

- **गुण :**

**(a) भौतिक :** यह नारंगी–लाल रंग का क्रिस्टल यौगिक है। यह शीतल जल में अल्प विलेय है परन्तु गर्म जल में पूर्णतया विलेय है। यह $398^0$ C पर गलनीय है।

**(b) रासायनिक :**

(i) **उष्मीय प्रभाव :**
प्रबल रूप से इसे गर्म करने पर यह विघटित होकर ऑक्सीजन गैस युक्त मुक्त करता है।

$$2K_2Cr_2O_7 \longrightarrow 2K_2CrO_4 + Cr_2O_3 + \frac{3}{2}\ O_2$$

क्षार के साथ गर्म करने पर यह क्रोमेट में बदल जाता है अर्थात् नारंगी से पीले रंग के परिवर्तित हो जाता है। अम्लीकृत करने पर यह पुनः पीने से नारंगी हो जाता है।

$$K_2Cr_2O_7 + 2KOH \longrightarrow 2K_2CrO_4 + H_2O$$

$$\underset{\text{नारंगी}}{Cr_2O_7^{2-}} + 2OH^- \longrightarrow \underset{\text{पीला}}{2CrO_4^{2-}} + H_2O$$

$$\underset{\text{पीला}}{2CrO_4^{2-}} + 2H^+ \longrightarrow \underset{\text{नारंगी}}{Cr_2O_7^{2+}} + H_2O$$

☞ क्षरीय विलयन में क्रोमेट आयन उपस्थित है, जबकि अम्लीय माध्यम में डाइक्रोमेट आयन उपस्थित है।

(ii) $K_2Cr_2O_7 + 2H_2SO_4$ (सांद्र तथा ठण्ड) $\longrightarrow 2CrO_3 \downarrow$ (लाल / चमकीला नारंगी) $+ 2KHSO_4 + H_2O$

(iii) अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$ विलयन $H_2O_2$ के साथ क्रिया करके $CrO_5$ के निर्माण के कारण एक गहरा नीला विलयन देता है।

$$Cr_2O_7^{2+} + 2H^+ + 4H_2O_2 \longrightarrow 2CrO_5 + 5H_2O$$

नीला रंग धीरे–धीरे हल्का हो जाता है क्योंकि $CrO_5$, $Cr^{3+}$ आयन तथा ऑक्सीजन में विघटित हो जाता है।

(vi) पोटेशियम डाइक्रोमेट, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ क्रिया करके क्लोरीन मुक्त करता है।

$$K_2Cr_2O_7 + 14HCl \longrightarrow 2KCl + 2CrCl_3 + 7H_2O + 3Cl_2$$

(v) यह अम्लीय माध्यम (तनु $H_2SO_4$) में प्रबल ऑक्सीकृत के रूप में कार्य करता है।

$$Cr_2O_7^{2+}\ 14H^+ + 6e^- \longrightarrow 2Cr_3^{+} + 7H_2O.\ (E^0 = 1.33\ V)$$

Cr की ऑक्सीकृत अवस्था +6 से +3 में परिवर्तित होती है।

(a) पोटेशियम आयोडाइड से आयोडीन मुक्त करता है।

$Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6e^- \longrightarrow 2Cr^{3+} + 7H_2O$

$2I^- \longrightarrow I_2 + 2e^- \times [3]$

(b) फेरस लवण, फैरिक लवणें में ऑक्सीकृत हो जाते है।

$6Fe^{2+} + Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ \longrightarrow 6Fe^{3+} + 2Cr^{3+} + 7H_2O$

(c) सल्फाइड, सल्फेट में ऑक्सीकृत हो जाते है।

$Cr_2O_7^{2-} + 3SO_3^{2-} + 8H^+ \longrightarrow 3SO_4^{2+} + 2Cr^{3+} + 4H_2O$

(d) $H_2S$, सल्फर में ऑक्सीकृत हो जाती है।

$Cr_2O_7^{2-} + 3H_2S + 8H^+ \longrightarrow 2Cr^{3+} + 7H_2O + 3S$

(e) $SO_2$, $H_2SO_4$ में ऑक्सीकृत हो जाती है।

$Cr_2O_7^{2-} + 3SO_2 + 2H^+ \longrightarrow 2Cr^{3+} + 3SO_4^{2-} + H_2O;$

$K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 + 2SO_2 + 23H_2O \xrightarrow{T<70^0C} K_2SO_4 . Cr_2(SO_4)_3 . 24H_2O$

(f) यह ऐथिल एल्कोहॅाल को ऐसिटेल्हिाइड में तथा ऐसिटेल्डिहाइड को एसिटिक अम्ल में ऑक्सीकृत करता है।

$C_2H_5OH \xrightarrow{[O]} CH_3CHO \xrightarrow{[O]} CH_3COOH$

ऐथिल एल्कोहल ऐसिटेल्हिाइड एसिटिक अम्ल

(g) यह नाइट्राइट को नाइट्रेट में, आर्सेनाइट को आर्सेनेट में थायोसल्फेट को सल्फेट में तथा सल्फर में आक्सीकृत करता है।

$S_2O_3^{2-} O \longrightarrow SO_4^{2-} + S$

HBr को $Br_2$., HI को $I_2$ इत्यादि।

(h) $K_2Cr_2O_7 + 2C$ (चारकोल) $\xrightarrow{\Delta} Cr_2O_3 + K_2CO_3 + CO\uparrow$

(iii) क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण : $4Cl^- + Cr_2O_7^{2-} + 6H^+ \longrightarrow 2CrO_2Cl_2\uparrow$ (गहरा लाल) $+ 3H_2O$

$CrO_2Cl_2 + 4OH^- \longrightarrow CrO_4^{2-}$ (पीला) $+ 2Cl^- + 2H_2P$

$CrO_4^{2-}$ (पीला) $+ Pb^{2+} \longrightarrow PbCrO_4\downarrow$ (पीला)

- **उपयोग :**

(i) अपचायकों जैसे ऑक्सेलिक अम्ल, फैरस आयन, आयोडइड आयन आदि के अनुमापन में आयतनात्मक अभिकर्मक के रूप में। यह एक प्राथमिक मानक के रूप में काम आता है।

(ii) कई क्रोमियम यौगिक जैसे क्रोम एलम, क्रीम पीला, क्रोम लाल, जिंक पीला आदि को तैयार करने में आम आता है।

(iii) रंगने में, क्रोम टेनिंग में, केलिकॉं छपाई में, फोटोग्राफी आदि में,

(iv) क्रोमिक अम्ल कॉंच के बर्तनों को साफ करने में काम आता है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881 

# Exercise # 1

## PART - I : SUBJECTIVE QUESTIONS

**Section (A) : Electronic configuration, atomic size and ionic size, density, melting and bioling points.**

**1.** संक्रमण तत्वों का सामान्य इलेक्ट्रोनिक विन्यास क्या होता है।

**2.** निम्न आयनों का इलेक्ट्रोनिक विन्यास लिखिए।
(i) $Mn^{2+}$ (ii) $Fe^{3+}$ (iii) $Ni^{2+}$ (iv) $Cr^{3+}$

**3.** d-ब्लॉक के उन तत्वों के नाम बताओ जिनके परमणु अथवा उनके सामान्य आयनों में आंशिक रूप से भरा हुआ d-कक्षक नहीं होता है।

**4.** लैन्थैनाइड संकुचन का क्या मतलब होता है। एक महत्वपूर्ण तथ्य बताओ जिसे की लैन्थैनाइड संकुचन के अनुक्रम में अवलोकित किया जा सकता है।

**5.** संक्रमण तत्वों में उन तत्वों के नाम बताइये जो (i) सबसे हल्के तथा (ii) भारी है (घनत्व सन्दर्भ में)

**Section (B) : Ionization enthalpy and oxiation state,**

**7.** 5d-तत्व की आयनन ऊर्जा 3d-तत्व की तुलना में ज्यादा क्यों होती है?

**8.** $K_2PtCl_6$ एक ज्ञात यौगिक है। जबकि इसका संगत Ni का यौगिक ज्ञात नही है। व्याख्या कीजिए।

**9.** संक्रमण तत्व परिवर्तित ऑक्सीकरण अवस्था क्यों दर्शाते है ?

**10.** प्रथम संक्रमण श्रेणी की प्रमुख सामान्यतः ऑक्सीकरण अवस्थ क्या है ?

**11.** ऑक्सीकरण अवस्था के विषमानुपात से क्या सकझते हो ? उदाहरण दीजिए।

**Section (C): Electrode potential and chemical reactivity.**

**12.** ऐसी तीन घटकों के नाम बताइये जिसके द्वारा एक निश्चित ऑक्सीकरण अवस्था का स्थायित्व विलयन में ज्ञात किया जाता है।

**13.** $Mn^{3+}/Mn^{2+}$ युग्मन (couple) के लिए $E^{\ominus}$ एक मान $Cr^{3+}/Cr^{2+}$ या $Fe^{3+}/Fe^{2+}$ की तुलना में अधिक धनात्मक क्यों होता है, समझाइये?

**14.** अधिकांश संक्रमण धातुएं तनु अम्ल से हाइड्रोजन की विस्थापित नहीं करती है। क्यों?

**Section (D) : Magnetic properties, formation of coloured ions.**

**15.**

| तत्व | Cr | Mn | Fe |
|---|---|---|---|
| $E^0$ ($M^{2+}/M$) | -0.90 V | -1.18 V | -0.4V |
| $E^0$($M^{3+}/M^{2+}$) | -0.41 V | +1.57 V | + 0.8 V |

उपरोक्त आँकड़ों का उपयोग कर निम्न को समझाओ
(i) अम्लीय विलयन में $Fe^{3+}$ तथा $Mn^{2+}$ का स्थायित्व
(ii) आयरन जिसे की Cr या Mn धातु की तुलना में समान प्रक्रम के यि आसानी से ऑक्सीकृत किया जा सकता है।

**16.** निम्न लिखित में कौनसे आयन (i) रंगीन तथा (ii) सफेद संकुल बनाते है ?
$Cu^{2+}$, $Zn^{2+}$, $Ti^{3+}$, $Ti^{+4}$, $Cd^{2+}$, $Mn^{2+}$

**17.** $Ti^{+4}$ संकुल प्रतिचुम्बकीय क्यों है ?

**18.** एक पदार्थ जिसका चुम्बकीय आघूर्ण 3.9BM पाया गया है। इसमें उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**19.** प्रथम संक्रमण श्रेणी के द्विसंयोजक आयनो में Mn (III) अधिकतम अनुचुम्बकीय लक्षण क्यों दशाता है। क्यों ?

**Section (E) : Catalytic properties, formation of interstitial compounds, alloy formation.**

**20.** निम्न को कारण सहित समझाइये।
(a) संक्रमण धातुएं तथा उनके बहुत सारे यौगिक अनुचुम्बकीय व्यवहार दर्शाते है।
(b) संक्रमण धातुओं की परमाण्वीकरण की एन्थैल्पी (enthalpies of atomistation) उच्च होती है।
(c) संक्रमण तत्व सामान्यतः रंगीन यौगिक बनाते है।
(d) संक्रमण धातुएं तथा उनके बहुत से यौगिक अच्छे उत्प्रेरक की भांति व्यवहार करते है।

**21.** एक संक्रमण धातु उसके संक्रमण तत्वों कसाथ मिश्रधातु (Alloy) बनाती है। समझाइये ?

**22.** संक्रमण तत्वों के साधारण गुणों को निम्न से संबंध में समझाओ।
(i) उत्प्रेरकीय व्यवहार (ii) संकुल निर्माण (iii) अन्तरकाशी यौगिक

**Section (F) : Important d-block metal compounds.**

**23.** क्या होता है जब $CuSO_4$ विलयन को
(i) अमोनिया विलयन के आधिक्य के साथ अभिकृत किया जाता है। (ii) KI विलयन के साथ्ज्ञ अभिकृत किया जाता है।

**24** क्या होता है जब सिल्वर नाइट्रेट विलयन को $Na_2S_2O_3$ के विलयन में मिलाया जाता है ?

**25.** क्या अभिक्रिया होगी यदि एक चॉदी के सिक्के को सान्द्र $HNO_3$ में डाल दिया जाए ?

**26.** $MnO_4^{2-}$, अम्ल, तनु क्षार व जल के साथ किस प्रकार की अभिक्रिया देती है ?

**27.** $KMnO_4$ को गहरे रंग की बोतलों में क्यों रखा जाता है और इसके अम्लीय विलयन के साथ क्या होता है ?

**28.** $AgNO_3$ से त्वचा पर काले धब्बे क्यों पड़ जाते है ?

**29.** फोटोग्राफी में AgBr का उपयोग क्यों किया जाता है।

**30.** $KMnO_4$ को सान्द्र $H_2SO_4$ (ठण्डे) में विलेय क्यों नहीं किया जाता है।

**31.** क्या होता है जब :
(a) ग्रीन विट्रियॉल की अधिक गर्म किया जाता है।
(b) $FeSO_4$ की पोटेशियम फेरीसायनाइड के साथ क्रिया करायी जाती है।
(c) $Fe_2O_2$ को सोडा ऐसा के साथ गलाया जाता है।
(d) आयरन (III) के लवण $NH_4SCN$ के साथ क्रिया करते है।
(e) जिंक आक्साइड तथा कोबाल्ट आक्साइड को साथ गलाया जाता है।
(f) मेलेकाइठ को तनु $H_2SO_4$ के साथ क्रिया करायी जाती है।
(g) कॉपर सल्फेट को लम्बे समय के लिए हवा में खुला रखा जाता है।
(h) लूनार कास्टिक की साडियम हाइड्रोक्साइड के साथ क्रिया करायी जाती है तथा उत्पाद को सुखाया जाता है।
(i) सिल्वर नाइट्रेट को आयोडीन के अधिक्य के साथ क्रिया कराते है।
(j) पोटेशियम डाइक्रोमेट को ठण्डे सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ क्रिया कराते है।

**32.** निम्न अभिक्रियाओं को पूर्ण तथा संतुलित कीजिए :

(a) $FeSO_4 + H_2O + O_2 \longrightarrow$

(b) $FeCl_3 . 6H_2O + CH_3-C(OCH_3)_2-CH_3 \longrightarrow$

(c) $Cu(OH)_2 + NH_4OH + (NH_4)_2SO_4 \longrightarrow$

(d) $CuCl_2 . 2H_2O \xrightarrow[\text{प्रबल}]{\Delta}$

(e) $AgNO_3$ (आधिक्य) $+ I_2 + H_2O \longrightarrow$

(f) $KMnO_4 + Na_2S_2O_3 + H_2O \longrightarrow$

(g) $K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 + SO_2 + H_2O \xrightarrow{\text{ताप}<70^0C}$

**33.** पिरीडीन में $CrO(O_2)_2$ स्थायी है समझाइये ?

**34.** 30% $H_2O_2$ के साथ अम्लीय माध्यम में $K_2Cr_2O_7$ के द्वारा बने यौगिक का सूत्र लिखो।

## PART - II : OBJECTIVE QUESTIONS

**Section (A) : Electronic configuration, atomic size and ionic size, density, melting and boiling points.**

**1.** संक्रमण तत्वों का साधारण इलेक्ट्रॉनिक विन्यास होता है।
(A) $ns^2np^6 nd^{1-10}$
(B) $(n-1) d^{1-10} ns^0 - 2 np^{0-6}$
(C) $(n-1) d^{1-10} ns^{0-2}$
(D) कोई नहीं

**2.** संक्रमण तत्वों का परमाणीय आयनन, पडोस के वर्ग 1 तथा 3 के तत्वों की तुलना में कम होता है क्योंकि
(A) नाभकीय आवेश पूरी तरह परिरक्षित रहता है पूरे इलेक्ट्रोनों को अधिक प्रबलता से आकर्षित रखता है।
(B) जोड़ा गया अतिरिक्त इलेक्ट्रॉन अन्तः कक्षक ग्रहण करता है।
(C) (A) तथा (B) दोनों
(D) कोई नहीं

**3.** सही कथन पहचानो :
(A) नाइट्रोजन फिक्सीग एन्जाइम में Fe और Mo परमाणु उपस्थित होता है।
(B) एक कोबाल्ट परमाणु विटामिन $B_{12}$ कोएन्जाइम के केन्द्र पर रहता है।
(C) Fe परमाणु प्रकाश संश्लेखण के फेरोडोक्सीन में भाग लेता है।
(D) सीभ कथन सही है।

**4.** निम्न में से संक्रमण धातुओं के लिए गलत तथ्य बताइये ?
(A) 4s इलेक्ट्रॉन की नाभिक के सापेक्ष 3d इलेक्ट्रॉन की तुलना में भेदन क्षमता अधिक होती है।
(B) संक्रमण धातु की परमाण्वीय त्रिज्या परमाणु संख्या में वृद्धि के साथ तीक्ष्णता से बढ़ती है क्योंकि (n - 1)d इलेक्ट्रॉन द्वारा नाभिकीय आकर्षण का दुर्बल परिरक्षण होता है।
(C) द्वितीय तथा तृतीय संक्रमण श्रेणी के तत्वों का लगभग समान आकार होता है।
(D) 5d श्रेणी तत्वों के घनत्व की तुलना में, 4d श्रेणी तत्वों का घनत्व अधिक होता है।

**5.** Zn का गलनांक बिन्दु (M.P.) दूसरे 3d श्रेणी के तत्वों की तुलना में कम होता है, क्योकि–
(A) d-कक्षक पूर्णतः भरा है।
(B) d-कक्षक आंषिक अपूर्ण है।
(C) d-इलेक्ट्रॉन धात्विक बंध में भाग नहीं लेते है।
(D) (A) तथा (C) दोनों

**Section (B) : Ionization enthalpy and oxidation state.**

**6.** 5d तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा 3d और 4d तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा से उच्च होती है। इसका कारण है।
(A) 3d श्रेणी तत्वों की तुलना में 5d श्रेणी तत्वों के परमाणुओं का आकार बड़ा होता है।
(B) संयोंजी इलेक्ट्रॉन के द्वारा ज्यादा प्रभावी नाभकीय आवेश लगाया जाता है। क्योंकि 5d श्रृंखला में 4f इलेक्ट्रॉनों के द्वारा नाभिक का दुर्बल परिक्षण होता है।
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं है।

**7.** 3d श्रेणी में ऑक्सीकरण अवस्था की कम संख्या के लिए सही कथन चुनो–
(A) श्रेणी की शुरूआत में कुछ के इलेक्ट्रॉन मुक्त होने या साझा होने की उपस्थिति के कारण हो सकती है।
(B) श्रेणी के अन्त की और कुछ इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति में यह समझाया जा सकता है। कि यह लीगेण्ड के साथ खाली कक्षकों के इलेक्ट्रॉनों साझे को बढ़ावा देता है।
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं है।

**8.** Ni व Pt के लिए आयनन ऊर्जा (I.E.) kJ $mol^{-1}$ में नीचे दिए है :

| | $\underbrace{(IE)_1+(IE)_2}$ | $\underbrace{(IE)_3+(IE)_4}$ |
|---|---|---|
| Ni | 2.49 | 8.80 |
| Pt | 2.60 | 6.70 |

अतः
(A) निकल (II) यौगिक, प्लेटिनम (II) से ऊष्मागतिकीय रूप से अधिक स्थायी है।
(B) प्लेटिनम (IV) यौगिक, निकल (IV) से अधिक स्थायी है।
(C) दोनों सही है।
(D) कोई सहीं नहीं है।

**9.** अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था निम्न द्वारा प्रदर्शित की जाती है।
(A) OS (B) Mn (C) Cr (D) Co

**10.** Cr की स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था है –
(A) $Cr^{+2}$ (B) $Cr^{+3}$ (C) $Cr^{+4}$ (D) $Cr^{+8}$

**Section (C) : Electrode potential and chemcal reactivity.**

**11.** $3d^4$ अभिविन्यास वाली स्पीशीज के लिए निम्न में से कौनसा सतय है ?
(A) $Cr^{2+}$ प्रकृति में अपचायक है।
(B) $Mn^{3+}$ प्रकृति में ऑक्सीकारक है।
(C) (A) तथा (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**12.** निम्न स्पीशीज के लिए ऑक्सीकारक सामर्थ्य का सही आरोही क्रम कौन सा है ?
$VO_2^+$, $MnO_4^-$, $Cr_2O_7^{2-}$
(A) $VO_2^+ < Cr_2O_7^{2-} < MnO_4^-$
(B) $VO_2^+ < MnO_4^- < Cr_2O_7^{2-}$
(C) $Cr_2O_7^{2-} < VO_2^+ < MnO_4^-$
(D) $Cr_2O_7^{2-} < MnO_4^- < VO_2^+$

13. निम्न में से कौनसा कथन गलत है ?
(A) $d^4$ स्पीशीज के लिए, मैगनीज (III) प्रबल रूप से अपचायक होता है जबकि $Cr^{2+}$ प्रबल रूप से ऑक्सीकारक होता है।
(B) कोबाल्ट (II) जलीय विलयन में स्थायी होता है लेकिन संकुल अभिकर्मक की उपस्थिति` यह आसनी से ऑक्सीकृत हो जाता है।
(C) आयनों में $d^1$ विन्यास बहुत अस्थायी होता है।
(D) इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से कौनसा कथन गलत है –
(A) संक्रमण तत्व उच्च परमाण्वीय एन्थैल्पी रखते है क्योंकि इनमें प्रबल अन्तपरमाण्वीय अंतः क्रिया पायी जाती है।
(B) $IE_2$ का क्रम $_{23}V < _{24}Cr < _{25}Mn$ तथा $_{28}Ni < _{29}Cu < _{30}Zn$ है।
(C) Ni(II) यौगिक Pt(II) यौगिक, की तुलना में अधिक स्थायी है, जबकि Pt(IV) यौगिक, Ni(VI) की तुलना में अधिक स्थायी है।
(D) तत्व जो ऑक्सीकरण अवस्था की उच्चतम संख्या देता है वह श्रेणी (series) के मध्य या मध्य के नजदीक नहीं पाया जाता है।

**Section (D) : Magnetic properties, formation of coloured ions.**

15. निम्न में से कौनसा अधिक अयुग्मित d-इलेक्ट्रॉन की संख्या रखता है ?
(A) $Zn^{2+}$ (B) $Fe^{2+}$ (C) $Ni^{3+}$ (D) $Cu^{+}$

16. निम्न में से किस बाह्यइलेक्ट्रॉनीय विन्यास वाले संक्रमण धातु आयन द्वारा उच्चतम चुम्बकीय आघूर्ण प्रदर्शित किया जाता है।
(A) $3d^5$ (B) $3d^2$ (C) $3d^7$ (D) $3d^9$

17. प्रथम संक्रमण श्रेणी से एक धातु आयन का चुम्बकीय आघूर्ण (प्रेक्षित) 3.87 B.M. है। आयन में कितने इलेक्ट्रॉन उपस्थित हो सकते है ?
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

18. निम्न में से कौनसी आयनिक प्रजाति (स्पीशीज) जलीय विलयन को रंग प्रदान करेगी ?
(A) $Ti^{4+}$ (B) $Cu^{+}$ (C) $Zn^{2+}$ (D) $cr^{3+}$

19. $Cr^{2+}$ (Z = 24), $Mn^{2+}$ (Z = 25) व $Fe^{2+}$ (Z = 26) के चुम्बकीय आघूर्ण X,y,z है। इनका क्रम है–
(A) $x < y < z$ (B) $x > y > z$ (C) $z < x = y$ (D) $x = z < y$

20. यद्यपि Mn(+7) ऑक्सीकरण अवस्था में होता है, फिर भी $MnO_4^-$ तीव्र गुलाबी रंग का होता है। इसका कारण है
(A) ऑक्सीजन इसे रंग प्रदान करता है
(B) आवेश स्थानांतरण, जब Mn इसका इलेक्ट्रॉन ऑक्सीजन को देता है।
(C) आवेश स्थानांतरण जब ऑक्सीकजन इसका इलेक्ट्रॉन Mn को Mn(+VI) बनाने के लिए दे देता है अतः रंगीन है।
(D) कोई सही नहीं है।

21. क्रोमेट्स का पीला रंग अम्लीकरण पर नारंगी में परिवर्तित हो जाता है। यह निम्न के निर्माण के कारण होता है।
(A) $Cr^{3+}$ (B) $Cr_2O_3$ (C) $Cr_2O_7^{2-}$ (D) $CrO_4^-$

22. $CuSO_4.5H_2O$ नीले रंग का होता है, क्योंकि
(A) इसमें क्रिस्टलन का जल उपस्थित होता है।
(B) $SO_4^{2-}$ आयन लाल प्रकाश अवशोषित करते है।
(C) $Cu^{2+}$ आयन लाल प्रकाश अवशोषित करते है।
(D) $Cu^{2+}$ आयन सफेद प्रकाश से लाल रंग को छोड़कर सभी रंग अवशोषित करते है।

23. निम्न में से कौनसा आयन रंगहीन जलीय विलयन देता है ?
(A) $Ni^{2+}$ (B) $Fe^{2+}$ (C) $Cu^{2+}$ (D) $Cu^{+}$

24. आयनिक अवस्था में $_{25}Mn$ का चुम्बकीय आघूर्ण $\sqrt{15}$ B.M. है तब Mn रखता है –
(A) +2 अवस्था (B) +3 अवस्था (C) +4 अवस्था (D) +5 अवस्था

25. अनुचुम्बकीय प्रकृति रखने वाले आयन है –
(A) $Cu^{+}$, $Zn^{+2}$, $Sc^{+3}$ (B) $Mn^{+2}$, $Fe^{+3}$, $Ni^{+2}$ (C) $Cr^{+2}$, $Mn^{+3}$, $Sc^{+3}$ (D) $Cu^{+2}$, $Ni^{+2}$, $Ti^{+4}$

26. संक्रमण धातु का रंग किसके कारण होता है।
(A) धनायन के अपवाद स्वरूप छोटे आकार के कारण (B) पराबैगनी किरणों के अवशोषण से
(C) अपूर्ण (n - 1)d- उपकोष से (D) अवरक्त विकिरणों के अवशोषण से

**Section (E) : Catalytic properties, formation of interstitial compounds, alloy formation.**

**27.** संक्रमण धातु तथा उनके यौगिकों की उत्प्रेरकीय क्रिया किसका वर्णन करती है।
(A) इनकी रासायनिक क्रियाशीलता
(B) इनके चुम्बकीय व्यवहार
(C) इनके अपूर्ण d-कक्षक
(D) इनकी गुणन ऑक्सीकरण अवस्था रखने तथा संकुलन क्षमता रखने की क्षमता को

**28.** सिमेन्टाइट है
(A) लौहे और कार्बन के अंतर काशी यौगिक (B) Fe और Cr की मिश्रधातु
(C) सीमेन्ट पुर्नसंयोजन यौगिक (D) लौहे का अयस्क

**29.** निम्न में से कौन से अन्तरकाशीय यौगिक बनाते है।
(A) Fe (B) Co (C) Ni (D) All

**30.** निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?
(A) संक्रमण धातुएं तथा उनके बहुत से यौगिक अच्छे उत्प्रेरक की भांति व्यवहार करते है।
(B) संक्रमण धातुओं की परमाणवीकरण की एन्थैल्पी (enthalpies of atomistation) उच्च होती है।
(C) संक्रमण धातुएँ समान्यतः छोटे परमाणुओं जैसे C, B, H इत्यादि के साथ अन्तकाशीकीय यौगिक बनाती है।
(D) उपरोक्त सभी

**Section (F) : Important d-block metal compounds.**

**31.** $KMnO_4$ किसका ऑक्सो लवण है :
(A) $MnO_2$ (B) $Mn_2O_7$ (C) $MnO_3$ (D) $Mn_2O_3$

**32.** जब $K_4Fe(CN)_6$ को $FeCl_3$ में डाला जाता है तो बनने वाला संकुल यौगिक है :
(A) $Fe_3[Fe(CN)_6]_4$ (B) $Fe_4[Fe(CN)_6]_3$ (C) $K_2Fe[Fe(CN)_6]$ (D) $K_2Fe_3[Fe(CN)_6]_2$

**33.** $FeCl_3.6H_2O$ वास्तव में है :
(A) $[Fe(H_2O)_6Cl_3$ (B) $[Fe(H_2O)_5Cl]Cl_2.H_2O$
(C) $[Fe(H_2O)_4Cl_2]C;.2H_2O$ (D) $[Fe(H_2O)_3Cl_3].3H_2O$

**34.** एक यौगिक गर्म अवस्था में पीला तथा ठण्डी अवस्था में सफेद है। यह यौगिक है :
(A) $Al_2O_3$ (B) PbO (C) CaO (D) ZnO

**35.** $ZnCl_2.H_2O$ को गर्म करने पर, प्राप्त यौगिक है :
(A) $ZnCl_2$ (B) Zn(OH)Cl (C) $Zn(OH)_2$ (D) ZnO

**36.** जब कॉपर को वायुमण्डल में पर्यापत समय के लिए रखा जाता है, तो इसकी सतह पर हरी परत बन जाती है। हरी परत का संघटन है :
(A) $Cu(OH)_2$ (B) CuO (C) $CuCO_3$ (D) $CuCO_3.Cu(OH)_2$

**37.** सिल्वर ब्रोमाइड की हाइपो विलयन (आधिक्य) में विलेयता निम्न के निर्माण के कारण है:
(A) $Ag_2SO_3$ (B) $Ag_2S_2O_3$ (C) $[Ag(S_2O_3)]^-$ (D) $[Ag(S_2O_3)_2]^{3-}$

**38.** तनु क्षरीय विलयन में $MnO_4^-$ निम्न में परिवर्तित होता है:
(A) $MnO_4^{2-}$ (B) $MnO_2$ (C) $Mn_2O_3$ (D) MnO

**39.** $Cl_2$ गैस विभिन्न अभिक्रियाओं द्वारा प्राप्त होती है, लेकिन निम्न द्वारा नहीं :
(A) $KMnO_4(s) + conc\ HCl \xrightarrow{\Delta}$ (B) $KCl(s) + K_2Cr_2O_7(s) + conc\ H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta}$
(C) $MnO_2(s) + conc\ HCl \xrightarrow{\Delta}$ (D) $KCl(s) + F_2 \xrightarrow{\Delta}$

**40.** $CuSO_4$ विलयन + लाइम कहलाता है।
(A) ल्यूकॉस अभिकर्मक (B) बारफोड अभिकर्मक (C) फेहलिंग विलयन A (D) बोर्डेक्स मिश्रण

**41.** फोटोग्राफी में प्रयुक्त विकासत (डवलपर) निम्न का एक क्षारीय विलयन है
(A) हाइड्रोक्विनोन (B) ग्लिसरॉल (C) फीनॉल (D) पिक्रिक अम्ल

**42.** जल अम्लीय $K_2Cr_2O_7$ को $FeSO_4$ के जलीय विलयन के साथ मिलाकर हिलाते है तब
(A) $Cr_2O_7^{2-}$ आयन $Cr^{3-}$ आयन में अपचयित हो जाता है। (B) $Cr_2O_7^{2-}$ आयन $CrO_4^{2-}$ आयन में बदल जाता है।
(C) $Cr_2O_7^{2-}$ आयन Cr में अपचयित हो जाता है। (D) $Cr_2O_7^{2-}$ आयन $CrO_3$ में बदल जाता है।

**43.** $FeCl_3$ विलेय है।
(A) जल (B) ईथर (C) अमोनिया (D) (A) तथा (B) दोनों

**44.** पोटेशियम डाईक्रोमेट के निर्माण के लिए निम्न में से कौनसा यौगिक प्रारंभिक पदार्थ के रूप में प्रयोग होता है।
(A) $K_2SO_4.Cr_2(SO_4)_3.24H_2O$ (क्रोम एलम) (B) $PbCrO_4$ (क्रोम येलौ)
(C) $FeCr_2O_4$ (क्रोमाइट) (D) $PbCrO_4.PbO$ (क्रोम रेड़)

**45.** जलीय NaOH में $CrO_3$ घोलने पर देता है:
(A) $CrO_4^{2-}$ (B) $Cr(OH)_3$ (C) $Cr_2O_7^{2-}$ (D) $Cr(OH)_2$

**46.** निम्न अभिक्रिया में प्राप्त अंतिम उत्पाद है ।
$KMnO_4 + H_2SO_4$ (सान्द्र तथा ठण्डा) $\longrightarrow$
(A) $Mn_2O_7 + KHSO_4 + H_2O$ (B) $K_2SO_4 + MnSO_4 + H_2O + O_2$
(C) $KOH + MnO_2 + H_2O + S$ (D) इनमें से कोई नहीं

**47.** जलीय $AgNO_3$ की आयोडीन के आधिक्य के साथ क्रिया करायी जाती है, तो हमें प्राप्त होता है:
(A) $AgIO_3$ (B) $HIO_3$ (C) AgO (D) HI

**48.** $ZnO + CoO \xrightarrow{\Delta} X$; 'X' उत्पाद का रंग है।
(A) हरा (B) नीला (C) गुलाबी (D) नीला हरा

**49.** टर्नबुल ब्लू (turnbull's blue) का रासायनिक सूत्र है :
(A) $Fe_4[Fe(CN)_6]_3$ (B) $Fe_3[Fe(CN)_6]_2$ (C) $Fe[Fe(CNS)_5]$ (D) $FeSO_4.NO$

**50.** निम्न में से कौनसा यौगिक वायु में खुला रखने पर भी ऑक्सीकृत हो जाता है:
(A) $Co_2(SO_4)_3$ (B) $NiSO_4$ (C) $KMnO_4$ (D) $FeSO_4$

**51.** सही कथ पहचानो।
(A) $PH_3$, $AgNO_3$ को धात्विक Ag में अपचयित कर देता है।
(B) कार्बनिक ऊतक $AgNO_3$ को Ag अपचयित कर काला कर देता है।
(C) AgCN, KCl में विलेय है।
(D) सभी कथन सही है।

# Exercise # 2

## PART - I : SUBJECTIVE QUESTIONS

**1.** क्यों $Cr^{2+}$ अपचायक और $Mn^{3+}$ ऑक्सीकारक है। जबकि दोनों के पास $d^4$ विन्यास है।

**2.** कॉपर के लिए $E^0(M^{2+}/M)$ का मान धनात्मक (10.34 v) प्राप्त होता है इसके लिए संभव कारण है ?

**3.** $Mn^{3+}/Mn^{2+}$ के लिए $E^0$ का मान $Cr^{3+}/cr^{2+}$ या $Fe^{3+}/Fe^{2+}$ की तुलना में बहुत ज्यादा धनात्मक है क्यों ?

**4.** क्यों धातु की उच्च ऑक्सीकरण अवस्था केवल इसके ऑक्साइडों और फ्लोराइडों में होती हे?

**5.** $Cr^{2+}$, $Fe^{2+}$ में से कौनसा प्रबल अपचायक है। और क्यों ?

**6.** समझाइये क्यों $Cu^+$ आयन जलीय विलयन में स्थायी नहीं है ?

**7.** $VO_2^+ < Cr_2O_7^{2-} < MnO_4^-$ श्रेणी में आप कैसे समझाओगे की इसमें ऑक्सीकारी क्षमता में वृद्धि होती है ?

**8.** निम्न $3d^3$, $5d^5$, $3d^8$ और $3d^4$, d इलेक्ट्रॉनिक विन्यास वाले संक्रमण तत्व इसके परमाणुओं की आद्य अवस्था में किस ऑक्सीकरण अवस्था में अधिक स्थायी होंगे ?

**9.** क्यों $Mn^{2+}$ यौगिक $Fe^{2+}$ की तुलना में इनकी +3 ऑक्सीकरण अवस्था की और अधिक स्थायी है ?

**10.** सक्रमण धातु की प्रथम श्रेणी के ऑक्सोमेटल ऋणायनों के नाम बताओं जिसमें धातु की ऑक्सीकरण अवस्था इसकी वर्ग संख्या के बराबर है।

**11.** संक्रमण धातु की ऑक्सीकरण अवस्था में परिवर्तनशीलता असक्रंमण धातु से भिन्न है? उदाहरण देकर समझाओ।

12. निम्न के बारे में कैसे बतायेगें :
(i) $d^4$ स्पीसीज का , $Cr^{2+}$ प्रबल अपचायक जबकि मैग्नीज (III) प्रबल ऑक्सीकारक है।
(ii) कोबाल्ट (II) जलीय विलयन में स्थायी है लेकिन संकुल अभिकर्मक की उपस्थिति में ये आसानी से ऑक्सीकृत हो जाता है।
(iii) $d^1$ विन्यास, आयन में अत्यन्त अस्थायी है।

13. संक्रमण धातु की श्रेणी की कौनसी धातु +1 ऑक्सीकरण अवस्था में बहुतायत से पाई जाती है और क्यों ?

14. निम्न गैसीय आयनों में अयुग्मित $e^-$ नो संख्या की गणना करो $Mn^{3+}$, $Cr^{3+}$, $V^{3+}$ & $Ti^{3+}$ इनमें से कौनसा जलीय विलयन में अत्याधिक स्थायी है ?

15. मरक्यूरस आयन $Hg_2^{2+}$ के रूप में, जबकि क्यूप्रस आयन $Cu^+$ के रूप में लिखा जाता है व्याख्या कीजिए।

16. फेरिक क्लोराइड विलयन $K_4[Fe(CN)_6]$ विलयन डालने पर नीला हो जाता है। क्यो ?

17. $FeCl_3$ जलीय विलयन अम्लीय होता है क्यों ?

18. फेरिक आयोडाइड बहुत अस्थायी है, लेकिन फेरिक क्लोराइड नहीं क्यों ?

19. कॉपर सल्फेट $NH_4OH$ के आधिक्य में विलेय है। व्याख्या कीजिए।

20. कॉपर तनु $HNO_3$ में विलेय है परन्तु तनु HCl में नहीं। क्यों ?

21. $CuSO_4$ विलयन का नीला रंग, इसमें लोहे की छड़ डालने पर धीरे–धीरे समाप्त हो जाता है। क्यों ?

22. कॉपर सल्फेट $NH_4OH$ में विलेय है, जबकि $FeSO_4$ नहीं। व्याख्या कीजिए।
23. कॉपर (I) लवण जलीय विलयन में ज्ञात नहीं है। क्यों ?

24. अकार्बनिक यौगिक (X) का जलीय विलयन निम्न अभिक्रियाएँ देता है :
(i) बेरियम क्लोराइड के जलीय विलयन के साथ तनु HCl में अविलेय अवक्षेप प्राप्त होता है।
(ii) KI का आधिक्य डालने पर भूरा अवखेप प्राप्त होता है जो हाइपो का आधिक्य डालने पर सफेद हो जाता है।
(iii) $K_4Fe(CN)_6$ के जलीय विलयन के साथ चॉकलेटी रंग का अवक्षेप प्राप्त होता है।
(X) को पहचानिये तथा (i), (ii) व (iii) की अभिक्रियाओं के समीकरण दीजिए।

25. 3d श्रेणी में जिंक का गलनांक न्यूनतम क्यों होता है ?
